www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 01 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
23 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:05
सूर्यास्तः 60:20
अधिकतमः 31°00
न्यूनतमः 19°00



पेज 07

विशेष समाचार
पप्पू से एल ओ पी तक... >>पेज 04
सपा तो भाजपा की बी टीम है ... >>पेज 06
धुरंधर 2 ने दुनियाभर में 500...



"भारतीय झंडे वाला क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात के मुंद्रा पोर्ट (अडानी पोर्ट्स) पर आया था। इस टैंकर में करीब 80,886 मीट्रिक टन कच्चा तेल था। यह तेल यूएई से आया, जिसे फुजैराह पोर्ट पर लोड किया गया था।"

# रूस से क्रूड लेकर भारत पहुंचा शिप

## गैस-कच्चा तेल लेकर 5 जहाज भारत आ चुके, फारस की खाड़ी में सभी 22 जहाज सुरक्षित

तमसा संकेत, एजेंसी

बेंगलुर। अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) लेकर एक कार्गो शिप रविवार को मेंगलुरु पोर्ट पर पहुंच गया है। वहीं रूस से एक जहाज क्रूड लेकर भारत आया। पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य LPG कैरियर MT शिवालिक और MT नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे। फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं। फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के अहम शिपिंग रूट्स में शामिल है। यहां से दुनियाभर की करीब 20% ऑयल की सप्लाई होती है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला LPG जहाज था। वहीं, गैस की कालाबाजारी या गलत इस्तेमाल रोकने के लिए कदम उठाने को भी कहा गया है।

### चीन जा रहे टैंकरों ने पकड़ा भारत का रास्ता

वोर्टेक्सा लिमिटेड का कहना है कि बीते हफ्तों मेंरूसी तेल ले जा रहे कम से कम सात टैंकरों ने अपनी यात्रा के बीच में ही अपना रास्ता बदलतकर चीन की बजाय भारत की दिशा पकड़ी है। रूस के एक और जहाज Suezmax Zouzou के 25 मार्च को भारत पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। यह टैंकर कजाख सीपीसी ब्लैंड कच्चा तेल ले जा रहा है।

### जहाज का भारत आना क्यों है बड़ी बात, जंग से होर्मुज रास्ता बंद

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी 2026 को ईरान पर हमला किया, जिसमें कई सैन्य और परमाणु ठिकाने निशाना बने। इस ऑपरेशन में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई मंत्री-अधिकारी मारे गए। अमेरिका ने इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया। युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट से आपूर्ति बाधित हुई। यहां से भारत का 80-85% LPG आयात होता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा LPG आयातक है। देश की 60% से ज्यादा LPG बाहर से आती है। इसी के कारण भारत में LPG किल्लत जैसे हालत बने, लेकिन भारत सरकार ने लगातार लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की।

"होर्मुज स्ट्रेट करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहे।"

### बाल्टिक सागर से लोड हुआ जहाज

यह जहाज अपने साथ 'यूराल' तेल का कार्गो ला रहा है। इसे जनवरी के आखिर में बाल्टिक सागर के बंदरगाह में लोड किया गया था। जहाज चीन के रिझाओ बंदरगाह की ओर जा रहा था लेकिन मार्च के मध्य में दक्षिण-पूर्वी एशियाई जलक्षेत्र में इसने दिशा बदल ली। यह बदलाव अमेरिका के भारत को रूस से तेल की खरीद की कथित अनुमति देने के बाद हुआ। भारत ने बीते कुछ दिनों में रूस से भारी मात्रा में 30 मिलियन बैरल तेल खरीदा। रूस से तेल खरीद बढ़ाने का मकसद ईरान में चल रहे युद्ध की वजह से तेल की सप्लाई में आई कमी से पूरा करना है। पिछले कुछ महीनों में भारत ने रूस से तेल खरीदना कम कर दिया था। अब एक बार फिर से रूसी तेल के जहाज भारत पहुंचने लगे हैं।

### 17 मार्चः नंदा देवी जहाज 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा

शिपिंग मंत्रालय के मुताबिक नंदा देवी नाम का जहाज भी करीब 46 हजार टन LPG लेकर भारत आया। जहाज गुजरात के वडीनार (जामनगर) बंदरगाह पर पहुंचा था।

### 16 मार्चः शिवालिक जहाज 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात आया था

जंग के बीच LPG कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर भारत पहुंचा। यह जहाज गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर आया था। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन LPG है, जो करीब 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है।

### एलपीजी संकट- राज्यों को 23 मार्च से 20% ज्यादा गैस मिलेगी

केंद्र ने देश में जारी गैस संकट के बीच राज्यों को LPG सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है। 23 मार्च से राज्यों को अब पहले के मुकाबले 20% ज्यादा गैस दी जाएगी। इसके बाद राज्यों को मिलने वाली कुल सप्लाई संकट से पहले के स्तर (प्री-क्राइसिस लेवल) के 50% तक पहुंच जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सामुदायिक रसोई, रेस्टोरेंट, ढाबों, होटलों और इंडस्ट्रियल कैंटीन को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता से 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (FTL) सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# घरेलू फ्लाइट्स का किराया मार्च से बढ़ा सकेंगी एयरलाइंस

## इंडिगो संकट के दौरान 18 हजार तय की थी अधिकतम सीमा

फैसला

आदेश में कहा गया... पूरे सेक्टर में उड़ानों की क्षमता बहाल हो गई है तथा परिचालन सामान्य हो गया है। समीक्षा के बाद, यह फैसला किया गया है कि किराए पर लगाई गई सीमा को 23 मार्च, 2026 से हटा दिया जाएगा।

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू हुआ। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं। दरअसल, पिछले साल DGCA ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) नाम दिया गया था। इसकी वजह से एयरलाइन कंपनी इंडिगो में स्टाफ की कमी हो गई जिससे हजारों फ्लाइट्स कैंसिल हुईं थी। इस वजह से अन्य एयरलाइंस ने घरेलू फ्लाइट्स का किराया 50 हजार तक बढ़ा दिया था। अपने आदेश में, मंत्रालय ने यह भी कहा कि एयरलाइंस को कीमतों के मामले में अनुशासन बनाए रखना होगा और



जिम्मेदारी से काम करना होगा। मंत्रालय ने कगा कि एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेंगी कि किराया उचित, पारदर्शी और बाजार की स्थितियों के अनुरूप हो, और यात्रियों के हितों पर कोई बुरा असर न पड़े।


# ईरान से सीजफायर वार्ता करना चाहते हैं ट्रम्प

## ईरान की शर्त- पहले मुआवजा दो, आगे हमला नहीं होगा इसकी गारंटी भी चाहिए

इजराइली शहर अराद पर ईरानी मिसाइल ने हमला किया। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हुए और 10 की हालत गंभीर है।

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रम्प की टीम ईरान के साथ सीजफायर पर बात करना चाहते हैं। इस काम में ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ भी लगे हुए हैं। यह जानकारी एक्सियोस न्यूज ने दी है। हालांकि



ईरान ने बातचीत के लिए शर्त रखी है कि पहले जंग रोकी जाए और उसे हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। ईरान का यह भी कहना है कि भविष्य में उस पर फिर से हमला नहीं होगा, इसकी पक्की गारंटी मिले। दूसरी तरफ, ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि वे अभी ईरान की सभी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हैं, खासकर मुआवजे की मांग को। अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत फिलहाल नहीं हो रही है। लेकिन मिस्र, कतर और ब्रिटेन जैसे देश मध्यस्थ का रोल निभा रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना मिसाइल प्रोग्राम कुछ समय के लिए बंद करे, यूरेनियम एनरिचमेंट रोक दे और अपने परमाणु ठिकानों को भी बंद करे। इसके अलावा, ईरान हिजबुल्लाह और हमास को पैसे देना भी बंद करे। ईरान के राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने शनिवार को पीएम मोदी से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि BRICS को ईरान पर हो रहे हमले रोकने में भूमिका निभानी चाहिए।

फास्ट न्यूज

### मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्ष के 7 आरोप

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में विपक्षी सांसदों ने नोटिस दिया है। लोकसभा-राज्यसभा में लाए गए नोटिस में CEC पर 7 आरोप है लगाए गए हैं। यह कहा गया है कि वे सरकार के इशारे पर काम करते हैं। विपक्ष का आरोप है कि ज्ञानेश कुमार ने SIR के जरिए लोगों के वोट देने के अधिकार छीन लिया।

### असम चुनाव-कांग्रेस से आए सांसद को टिकट देने पर नाराजगी

कोलकाता/चेन्नई/गुवाहाटी/तिरु-वनंतपुरम। असम विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के भीतर नेताओं की नाराजगी सामने आने लगी है। पार्टी टिकट से वंचित कई मौजूदा विधायक और दावेदार निर्दलीय चुनाव लड़ने की धमकी दे रहे हैं सूत्रों के मुताबिक, इस स्थिति को संभालने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया खुद आगे आकर नाराज नेताओं को मनाने की कोशिश कर रहे हैं। और भूपेन बोरा के बीजेपी में शामिल होने के बाद बोरदोलोई को दिसपुर सीट से बोरा को बिहपुरिया सीट से पार्टी टिकट दिए गया है।

### प्रेग्नेंसी में वर्क फ्रॉम होम नहीं दिया, 200 करोड़ जुर्माना

वॉशिंगटन। अमेरिका के ओहायो में प्रेग्नेंट महिला को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति न देने के मामले में कोर्ट ने कंपनी पर 2.25 करोड़ डॉलर (200 करोड़) का जुर्माना लगाया है। महिला को ऑफिस आने की मजबूरी की वजह से समय से पहले डिलीवरी हुई थी। जिससे नवजात की कुछ घंटों में ही मौत हो गई थी।

# नोएडा एयरपोर्ट पहुंचे सीएम योगी

## 28 मार्च को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

जायजा

तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को पीएम मोदी करेंगे। ऐसे में आज सीएम योगी आदित्यनाथ दोपहर के बाद नोएडा एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उद्घाटन से पहले सीएम अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा करेंगे। बैठक में पुलिस, जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा यमुना इंटर-नेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. नोएडा



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का जाएजा लेते सीएम

इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि.के अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

## शाह-नड्डा, पुरी समेत सीनियर लीडर मौजूद, गैस-तेल और ऊर्जा की स्थिति पर चर्चा की

# मोदी की पश्चिम एशिया के हालात पर हाई लेवल बैठक

मीटिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग के कारण पश्चिम एशिया में बने संघर्ष के हालात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। इसमें पेट्रोलियम, कच्चा तेल, गैस, बिजली और फर्टिलाइजर्स की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान,



विदेश मंत्री एस जयशंकर, सिविल एविएशन मिनिस्टर राममोहन नायडू, रेल और आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव समेत अन्य सीनियर लीडर मौजूद रहे। आज ही अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) लेकर एक कार्गो शिप मेंगलुरु पोर्ट पर पहुंचा

>> (शेष पेज 06 पर)

बैठक में पूरा जोर देश में जरूरी संसाधनों की बिना रोक सप्लाई, लॉजिस्टिक्स और डिस्ट्रिब्यूशन तय करने पर रहा। जिससे देश के लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### हवाई किराए पर लगी रोक हटाई

अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं।

### प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें बढ़ाई गईं

सरकारी तेल कंपनियों ने 20 मार्च को स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 प्रति लीटर तक बढ़ाईं। भोपाल में इसकी कीमत बढ़कर करीब 117 रुपए पहुंची है। सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। भारत पेट्रोलियम यानी BPCL प्रीमियम पेट्रोल को स्पीड नाम से बेचता है।

### राज्यों को 20% ज्यादा गैस देने का आदेश

केंद्र ने देश में जारी गैस संकट के बीच राज्यों को LPG सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है। 23 मार्च से राज्यों को अब पहले के मुकाबले 20% ज्यादा गैस दी जाएगी। इसके बाद राज्यों को मिलने वाली कुल सप्लाई संकट से पहले के स्तर (प्री-क्राइसिस लेवल) के 50% तक

## टिप्पडीः आप देश चलाने के काबिल नहीं, रुपया गिर रहा, पीएम इलेक्शन कैंपेन में बिजी

# मोदी जी अब झोला उठाओ और चले जाओ : राउत

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि पीएम मोदी अब देश का नेतृत्व करने में काबिल नहीं हैं। रुपया लगातार गिर रहा है, जंग आज है, लेकिन कल तो जंग नहीं हुई थी। रुपया ठीक उसी समय नीचे गिरना शुरू हुआ जब PM मोदी प्रधानमंत्री बने। PM अभी भी इलेक्शन कैंपेन में बिजी हैं और उन्हें रुपये की कोई परवाह नहीं है। मेरे पास उनसे कहने के लिए बस एक ही बात है कि 'मोदी जी, अब झोला उठाओ और चले जाओ।' दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवसेना MP ने कहा, अब रुपये के हालात देखिए। बस सेंचुरी लगना बाकी है। अबकी बार, 100 के पार। बताइए मोदी जी कहां

राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'रुपए का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी, ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं।' उन्होंने लिखा कि सरकार चाहे इसे नॉर्मल बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे, एमएसएमई को सबसे ज्यादा चोट लगेगी, रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे।



हैं? वे पश्चिम बंगाल में हैं, ममता बनर्जी को हराने के लिए प्रेसिडेंट रूल की तैयारी कर रहे हैं। मोदी जी और शाह जी पश्चिम बंगाल में 'खेला' करने की कोशिश कर रहे हैं, और रुपये की वैल्यू गिर रही है। मोदी जी कह रहे थे कि जब रुपये की वैल्यू गिरती है, तो देश की इज्जत गिरती है। अब क्या गिर रहा है? कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने डॉलर के मुकाबले रुपए के गिरने और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत बढ़ने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। सरकारी तेल कंपनियों ने स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 प्रति लीटर तक बढ़ाईं। एमपी के भोपाल में इसकी कीमत बढ़कर करीब 117 पहुंची है। हालांकि सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं किया गया। भारत पेट्रोलियम यानी BPCL प्रीमियम पेट्रोल को स्पीड नाम से बेचता है। वहीं हिंदुस्तान पेट्रोलियम यानी HPCL इसे पावर और इंडियन ऑइल यानी IOCL XP95 के नाम से इसे बेचता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### रुपया 93.53 के रिकॉर्ड लो पर पहुंचा, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का असर

20 मार्च को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 64 पैसे कमजोर होकर 93.53 प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंचा। बाजार के जानकारों का कहना था कि दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल की वजह से घरेलू करेंसी पर है।

### राहुल बोले थे- शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा

राहुल ने लिखा किविदेशी संस्थागत निवेशक (FII) का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा, यानी हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है। उन्होंने लिखा है।

# सोनम वांगचुक 6 महीने बाद लेह पहुंचे

## बोले- उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहे, एनएसए में जेल में बंद थे

सोनम वांगचुक के स्वागत के लिए हजारों लोग फूल और सफेद पटका लेकर पहुंचे।

तमसा संकेत, एजेंसी

लेह। लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक रविवार को 6 महीने (करीब 170 दिन) बाद लेह पहुंचे। केंद्र ने 14 मार्च को वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट (NSA) हटाया था। इसके बाद उन्हें जोधपुर जेल से रिहा किया गया था। लेह में उनके लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वांगचुक के सैकड़ों समर्थक पहुंचे।



वांगचुक ने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा- जिस मकसद के लिए हम काम कर रहे हैं, उसके लिए एक नया सूरज उगेगा। हम उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वांगचुक ने कहा कि 170 दिनों के बाद इन पहाड़ों में आकर और लोगों से मिलकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## समाजवादी पेंशन भी शुरू करेंगे, 'धुरंधर' पर तंज- भाजपा पैसे देकर फिल्में बनवा रही

# सरकार बनी तो महिलाओं को 40 हजार देंगे : अखिलेश



महिला सम्मान समारोह में अखिलेश और डिंपल ने समाज के भले के लिए काम कर रही महिलाओं को सम्मानित किया।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार के संभावित कैबिनेट विस्तार पर तंज कसा। कहा- इन लोगों ने नवरात्रि में कैबिनेट विस्तार का तय किया है। यह तो रुठे हुए को मनाने का प्रयास है, जब बजट पूरा खर्च हो गया है, तो मंत्री बना रहे हैं। कई विभागों को जल्दी-जल्दी बजट दिया जा रहा। एक विभाग ने एक हजार करोड़ के टेंडर स्वीकृत भी कर दिए, उसमें सेवई मिली या गुझिया मिली, इसका पता नहीं चला है। अखिलेश ने रविवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



उन्होंने दोहराया कि सत्ता में आने पर महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपए देंगे। समाजवादी पेंशन फिर से शुरू करेंगे। फिल्म धुरंधर को लेकर मचे विवाद के बीच बिना नाम लिए कहा- भाजपा अब पैसे देकर फिल्में बनवा रही है। उनका मकसद दूसरे दलों को बदनाम करना है। दरअसल, 19 मार्च को रिलीज हुई फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' में अतीफ अहमद नाम के किरदार को दिखाया गया है, जो रियल लाइफ में माफिया अतीक अहमद से मिलता है। फिल्म को कांग्रेस और सपा के नेता प्रोपेगेंडा बता रहे हैं।

> *अखिलेश ने मूर्ति देवी-मालती देवी महिला सम्मान समारोह के दौरान कई महिलाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उनकी पत्नी और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा- नए भारत में बेटियां असुरक्षित हैं। डरी हैं। जब अन्याय को छिपाने की कोशिश की जाती है तो बहुत दुख होता है। उत्तराखंड की अंकिता भंडारी केस ने गहरा जख्म दिया। जब हमारी ही बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, तो देश कैसे आगे बढ़ सकता है।*

### 'लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर नहीं, बर्बाद कॉरिडोर बनाया'

अखिलेश ने कहा- रक्षा मंत्री लखनऊ के लिए अच्छा काम करना चाहते हैं, क्योंकि उनका संसदीय क्षेत्र है। लेकिन, सीएम योगी ने ग्रीन कॉरिडोर नहीं, बर्बाद कॉरिडोर बनाया है। हर चौराहे पर पुलिस लगानी होगी। मैं इनके डिजाइन को समझने के लिए गया, ग्रीन कॉरिडोर से चढ़कर अपने लोहिया पथ पर आए तो अंतर देखा। ग्रीन कॉरिडोर में पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं है। यह कॉरिडोर मानक के खिलाफ है। कोई भी सड़क पैदल चलने वालों को जगह दिए बिना डिजाइन नहीं हो सकती है।

### यूपी में लॉ एंड ऑर्डर चरमराया, प्रशासन और पुलिस दोषी'

अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में बीजेपी नेता की हत्या के मामले में उनकी बेटी ने सीएम के ओएसडी पर आरोप लगाए हैं, लेकिन बीजेपी के सांसद डॉ. राधा मोहन अग्रवाल ने कहा कि अगर हत्यारों को बचाया तो मैं राज्यसभा में नंगा कर दूंगा। उनकी बेटी के आरोप सच हैं, कोई है जिसके दबाव में थाने से छोड़ा गया, सुनने में आया है कि तहरीर से नाम हटा दिया गया। राधा मोहन की सीट छोड़ने पर ही मुख्यमंत्री उस सीट से विधायक बने।

# चाइनीज मांझे से बच्ची की गर्दन-अंगुली कटी

## 10 टांके लगे, पुलिस ने 6 पतंगबाजों को गिरफ्तार किया

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। लखनऊ के वजीरगंज इलाके में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से 6 साल की बच्ची की गर्दन और हाथ की अंगुली कट गई। डॉक्टरों ने उसकी गर्दन में 10 टांके लगाए। उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी। पुलिस ने 6 पतंगबाजों को गिरफ्तार किया है। घटना वजीरगंज के जगत नारायण रोड गोलागंज चौराहे की है। बच्ची की पहचान 6 साल की अबीरा पुत्री खलील अहमद के रूप में हुई है। रविवार दोपहर करीब 3 बजे वह अपने पिता की बाइक पर आगे बैठकर जा रही थी। इसी दौरान चाइनीज मांझे की चपेट में आ गई। लखनऊ में 45 दिन में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल होने की यह 18वीं घटना है। कैसरबाग ओडियन सिनेमा के पास खलील अहमद परिवार के साथ रहते हैं। रविवार दोपहर करीब 3 बजे वह बाइक से घर का सामान लेने जा रहे थे। उनकी 6 साल की बेटी अबीरा बाइक पर आगे बैठी थी। लालबत्ती चौराहे से कैसरबाग बस अड्डा जाने वाली रोड पर अचानक पतंग का मांझा आ जाने से अबीरा का गर्दन और हाथ की एक उंगली कट गयी।

- बच्ची को डॉक्टरों ने 10 टांके लगाए। इस दौरान दर्द से वह चीखती-चिल्लाती रही।

## फास्ट न्यूज

### प्रशिक्षु डिप्टी जेलर के 121वें सेशन की दीक्षांत परेड

लखनऊ। लखनऊ स्थित डॉ. संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को प्रशिक्षु डिप्टी जेलर के 121वें सत्र और उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के जेल वार्डरों के 178वें सत्र की भव्य दीक्षांत परेड आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान शामिल हुए। उन्होंने परेड की सलामी ली और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया।

### ग्रीन कॉरिडोर पर ट्रैफिक मैनेजमेंट में कन्फ्यूजन

लखनऊ। लखनऊ में ट्रैफिक को तेज और सुचारु बनाने के उद्देश्य से बनाए गए ग्रीन कॉरिडोर पर अभी कई चुनौतियां सामने आ रही हैं। निर्माण के दौरान कुछ तकनीकी कमियां रह गई हैं। निशातगंज रोटरी पर पीक ऑवर में ट्रैफिक बाधित हो रहा है और वाहन चालकों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। स्थिति को संभालने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने हनुमान सेतु के पास ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है। अब डालीगंज से आने वाले वाहन चालकों को आईटी चौराहे की ओर लंबे कट से होकर ग्रीन कॉरिडोर पर नहीं जाना पड़ेगा।

### विधायक अमरेश रावत को फोन पर मिली धमकी

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के विधायक अमरेश रावत को फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। नगराम क्षेत्र के अमवा मुर्तजापुर गांव निवासी इस युवक ने शनिवार दोपहर विधायक को फोन कर धमकी दी थी। उस समय विधायक घर पर थे। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार दोपहर करीब 1:20 बजे हुई। विधायक के निजी मोबाइल पर एक कॉल आई।

# लखनऊ पुस्तक मेले में काम गोष्ठी का आयोजन




**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। करुणा साहित्यिक संस्थान का रविंद्रालय चारबाग लखनऊ पुस्तक मेले में काम गोष्ठी का आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोपाल के रामायण केंद्र के निर्देशक राजेश श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर पांडे ने की। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथ वरिष्ठ साहित्यकार निर्भर नारायण गुप्ता एवं विशिष्ट साहित्यकार महेंद्र भीष्म, राज कर्मचारी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवि दिनेश चंद्र अवस्थी, हिंदी संस्थान की उपनिदेशक डॉ अमिता दुबे, बालकवि एवं साहित्यकार संजीव जायसवाल, वरिष्ठ कवि विजय तिवारी ने आमोद श्रीवास्तव, पत्रकार, नवसंवाद, न्यूज नेटवर्क, लखनऊ, प्रदेश कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, उत्तर प्रदेश, प्रदेश मीडिया प्रभारी, ईपीएस-९५ उत्तर प्रदेश को माला एवं शाल पहनाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## घर का सीसीटीवी बंद कर प्रेमी के साथ की वारदात, स्निफर डॉग ने कातिल को पकड़ाया

# 36-साल की बहू ने सास की हत्या की

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ में 36 साल की बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर सास की हत्या कर दी। हाथ-पैर रस्सी से बांधे, फिर गला दबा दिया। वजह थी- सास प्रेमी से मिलने का विरोध करती थी। पुलिस के मुताबिक, किसी को उन पर शक न हो, इसलिए दोनों ने घर का CCTV बंद कर वारदात की। फिर कार से बाहर भाग गए। कुछ दूर जाकर सीसीटीवी को मोबाइल से ऑन कर दिया। थोड़ी देर बाद महिला का 18 साल का बेटा घर पहुंचा। दादी की लाश देखकर वह मां को कॉल करने लगा। इस पर दोनों को लगा कि अगर घर नहीं लौटे तो पकड़े जाएंगे। घबराहट में दोनों वापस घर आ गए। अरोपी महिला रंजना वर्मा, सास निर्मला (69) की लाश देखकर रोने का नाटक करने लगी। कहने लगी




कि लूटपाट के बाद हत्या की गई। हम बाहर घूमने गए थे। इधर, पोते के बुलाने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो 2 घंटे तक घर का CCTV ऑफ मिला। लेकिन घर के बाहर लगे CCTV में बहू प्रेमी राजन शर्मा (21) के साथ घर से बाहर जाती दिखाई दी। मौके पर पहुंचा पुलिस का स्निफर डॉग सूंघते हुए प्रेमी के पास जाकर रुक गया। वह घबरा गया और उसे दूर भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ की तो हत्या की बात कबूल कर ली। घटना शनिवार शाम 4 बजे महानगर इलाके की है। शनिवार को त्रिदेश जॉब पर गया था। बहू रंजना और छोटी बेटी सांवी घर पर थीं। पोता डिलीवरी देने चला गया था। शाम 4 बजे घर लौटा। अंदर जाकर देखा तो कमरे में दादी के हाथ-पैर बंधे थे और वह बेहोश पड़ी थीं। पोते ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोग आए उन्होंने चेक किया तो निर्मला देवी की मौत हो चुकी थी।

**एसएचओ महानगर अखिलेश मिश्रा ने कहा- मृतका के बेटे की शिकायत पर उसकी पत्नी रंजना और प्रेमी राजन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके दोनों को गिरफ्तार किया है। राजन शर्मा ओला टैक्सी ड्राइवर है। वह रंजना के घर पर ही किराए पर रहता है।**

### पोता डिलीवरी कर लौटा तो दादी की लाश देखी

निर्मला देवी (69) निशातगंज गली नंबर-3 में रहती थीं। बेटा त्रिदेश वर्मा (40), बहू रंजना वर्मा, पोता आदित्य (18), पोती अंशिका (15) और सांवी (डेढ़ साल) भी उनके साथ रहते थे। निर्मला के पति राजाराम वर्मा सचिवालय से रिटायर्ड थे। उनकी 2 साल पहले मौत हो चुकी है। रंजना की करीब 20 साल पहले त्रिदेश से शादी हुई थी। दो मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर निर्मला का परिवार रहता है, जबकि फर्स्ट फ्लोर पर 8 किराएदार हैं। इसमें ही एक कमरे में प्रेमी राजन शर्मा भी रहता था। निर्मला का बेटा त्रिदेश बिजली विभाग में किला पावर हाउस में संविदा पर तैनात है। पोता डिलीवरी बॉय का काम करता है। बड़ी बेटी अंशिका मामा के घर उन्नाव गई थी।

> पुलिस ने बताया कि बहू रोते हुए सबसे पूछने लगी कि इन्हें क्या हो गया है। घटना के बाद मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड पहुंचा। डॉग सूंघते हुए प्रेमी राजन के पास जाकर रुक गया। आसपास खड़े सभी लोग हक्के-बक्के रह गए।

## भाजपा पार्षद बोले- बहुत अच्छा रहा, विपक्षियों ने कहा- सरेआम गुंडई, हिटलरशाही दिखा रहीं मेयर

# लखनऊ नगर निगम में 15 मिनट में बजट पास

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम के मुख्यालय में आज (22 मार्च को) सदन आयोजित किया गया। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 का मूल बजट पास किया गया। 2025-26 के रिवाइज्ड बजट को भी पास किया जाना था जिस पर कोई चर्चा भी नहीं की गई। मेयर ने सदन शुरू होने के 15वें मिनट में बजट पास की घोषणा कर दी। इस पर विपक्षी पार्षदों ने हंगामा करते हुए कहा- यह सरेआम गुंडई है। मेयर हिटलरशाही दिखा रही हैं। सबसे पहले नगर निगम की उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह गांधी ने मूल बजट का भाषण पढ़ना शुरू किया तो कांग्रेस के पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि बजट की कॉपी हमें नहीं मिली है और इसका भाषण पढ़ा जा रहा है। सदन में इस वित्त वर्ष के रिवाइज्ड बजट से पहले 2026-27 के मूल बजट को रख दिया गया। इसपर बहस शुरू हो गई। इस बीच कांग्रेस पार्षद मुकेश चौहान ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं से डरते हैं। यह सुनते ही भाजपा पार्षदों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। वे नारे लगाने लगे- 'महिलाओं के सम्मान में, भाजपा मैदान में...'। सदन केवल 45 मिनट तक चला। यह दोपहर 12:13 बजे शुरू हुआ। 15वें मिनट यानी 12:28 बजे मेयर ने बजट पास करने की घोषणा कर दी।

> *सपा पार्षद यायावर हुसैन रेशु ने कहा कि हमें रिवाइज्ड बजट की कॉपी क्यों नहीं दी गई। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने भी पूछा कि रिवाइज्ड बजट पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है? इस पर भाजपा पार्षद अनुराग मिश्रा ने पूछा कि आप यायावर भाई (सपा पार्षद) के सेक्रेटरी हो क्या? भाजपा पार्षद के इस सवाल के बाद पक्ष-विपक्ष के बीच हंगामा शुरू हो गया।*





### मेयर बोलीं- ऑनलाइन टैक्स जमा करने पर 10% छूट मिलेगी

मेयर ने बजट के बारे में पूछने पर केवल यह बताया कि ऑनलाइन टैक्स जमा करने पर 10% और ऑफलाइन जमा करने पर 8% की छूट मिलेगी। हमें शासन से 3 नमो वन विकसित करने को मिले हैं जिन्हें मियावाकी पद्धति से विकसित किया जाएगा। हम हरियाली की ओर बढ़ रहे हैं। सपा पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि ने कहा- हम चर्चा की तैयारी करके आए थे। यह निराशाजनक रहा कि बजट पर बिना चर्चा किए सदन को 40-45 मिनट में समाप्त कर दिया गया।

### सपा पार्षद ने कहा- मेयर हिटलरशाही दिखा रही हैं

सपा पार्षद यायावर हुसैन ने कहा- मैं 30 साल के इतिहास में पहली बार देख रहा हूं कि बजट पर किसी से कोई चर्चा ही नहीं की गई। मेयर हिटलरशाही दिखा रही हैं। पुनरीक्षित बजट आया ही नहीं, मूल बजट आया तो उस पर चर्चा नहीं की। चर्चा न होने के बावजूद भाजपा के पार्षद उसकी वाहवाही कर रहे हैं। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने कहा- भाजपा का अहंकार सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपा अहंकार की सीमा को पार कर चुकी है। जनता इन्हें जवाब देगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मेयर हमारी बात सुनने को तैयार नहीं हैं।

# गैस सिलेंडर लेकर सड़क पर बैठे व्यापारी

## जानकीपुरम में लोगों ने किया प्रदर्शन

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम में आम लोगों और व्यापारियों ने गैस सिलेंडर के लिए प्रदर्शन किया। 1 हफ्ते से डिलीवरी न आने पर खाली सिलेंडर लेकर सड़क पर बैठ गए। इस दौरान सड़क जाम हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। काफी समझाने के बाद ट्रैफिक बहाल हो सका। प्रदर्शन में शामिल जनकल्याण उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील पांडेय ने कहा कि पिछले करीब एक सप्ताह से इलाके में गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोग और व्यापारी परेशान हैं। रविवार को जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सूचना मिलते ही जानकीपुरम पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने में जुट गई। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाया कि सड़क जाम करने से समस्या का समाधान नहीं होगा और वार्ता के जरिए ही इसका हल निकाला जाएगा।

- जानकीपुरम मार्केट में लोगों के सड़क पर बैठने से सड़क पर गाड़ियां रुकने लगीं।
- लोग लाइन से सड़क पर बैठ और खड़े होकर रास्ता रोक लिया।

## कार्यवाई : पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जहर से मौत, नहीं मिला कोई रैपर या शीशी

# मां-बाप और बेटे का सुसाइड नोट सवालों के घेरे में

- घर पहुंची पुलिस ने रूपनारायण चौरसिया के मझले भाई तेजनारायण से भी पूछताछ की।
- घर के इसी कमरे में मां-बेटे की लाश मिली थी। पास ही किचन है।





**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बंथरा क्षेत्र के नीवा गांव में दंपती और उनके बेटे द्वारा जहर खाने के मामले में जांच अब और गहरी हो गई है। शुक्रवार को मां और बेटे की मौत के बाद पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि जहर आया कहां से, कैसे खाया गया और क्या यह वाकई सामूहिक आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और वजह छिपी है। अब तक की जांच में कई अहम तथ्य सामने आए हैं, लेकिन कई सवाल अब भी अनसुलझे हैं। इनका सुसाइड नोट भी सवालों के घेरे में है। मौके पर या संभावित जगहों पर जहर का कोई भी रैपर या शीशी नहीं मिली लेकिन मां और बेटे की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जहर से मौत स्पष्ट हुआ है। इस रिपोर्ट में पढ़िए अबतक के तहकीकात और पूरा केस प्रोग्रेस लखनऊ में एक ही परिवार के तीन लोगों ने जहर खा लिया। मां और बेटे की मौत हो गई। पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को बेटे की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है- 'हम लोग आत्महत्या कर रहे हैं। इससे परिवार से कोई मतलब नहीं है। हम अपने आप तीन लोग आत्महत्या कर रहे हैं।' मृतकों की पहचान तारावती (52) और संदीप (30) के रूप में हुई है। रूपनारायण (55) अस्पताल में भर्ती हैं। परिवार चाय-समोसा की दुकान और पान की गुमटी चलाकर अपना गुजारा करता था। घटना के वक्त छोटा बेटा कुलदीप भी घर में ही था। घटना बंथरा क्षेत्र के नींवा गांव की है। घटना के समय घर में बना हुआ खाना मौजूद था, जिसे पुलिस ने जब्त कर फॉरेंसिक साइंस लैब भेज दिया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि कहीं खाने में जहर मिलाकर तो सेवन नहीं किया गया। साथ ही यह भी जांच हो रही है।

### घर से नहीं मिला जहर, सबसे बड़ा सवाल-आखिर आया कहां से?

पुलिस जांच का सबसे बड़ा और शुरुआती सवाल यही है कि तीनों ने जिस जहरीले पदार्थ का सेवन किया, वह घर में आया कैसे। घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को किसी भी तरह की कीटनाशक की शीशी, रैपर, डिब्बी या कंटेनर नहीं मिला है। यह स्थिति जांच को और सस्पेंस बना रही है, क्योंकि आमतौर पर इस तरह के मामलों में जहर का कोई न कोई स्रोत घटनास्थल पर मिल जाता है। ऐसे में यह संभावना भी खंगाली जा रही है कि जहर बाहर से लाकर इस्तेमाल किया गया और बाद में उसके साक्ष्य हटा दिए गए।



यही सुसाइड नोट है। इंटरमीडिएट तक पढ़े संदीप (30) की ऐसी हैंडराइट संदेह के घेरे में है।

# कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने दीक्षांत परेड में दी प्रशिक्षुओं को नई जिम्मेदारियों की सीख

## डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान में 119 प्रशिक्षुओं की पासिंग आउट परेड सम्पन्न

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में प्रशिक्षु डिप्टी जेलर (121वाँ सत्र) एवं उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखण्ड के प्रशिक्षु जेल वार्डर (178वाँ सत्र) की दीक्षांत परेड में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुल 119 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिसमें 4 अधिकारी संवर्ग (उत्तर प्रदेश) तथा 115 जेल वार्डर शामिल रहे। इनमें 74 उत्तर प्रदेश एवं 41 उत्तराखण्ड के प्रशिक्षु सम्मिलित थे। दीक्षांत समारोह में अधिकारी संवर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का पुरस्कार शशिकांत (डिप्टी जेलर, उत्तर प्रदेश) को प्रदान किया गया, जबकि जेल वार्डर संवर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का पुरस्कार सुश्री कविता जलाल (टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड) को



दिया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत परेड केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों और कर्तव्यों की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि कारागार विभाग केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सुधार और पुनर्वास की महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। इसलिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता, अनुशासन और मानवीय दृष्टिकोण के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुशासन, कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भविष्य में उनके कार्य निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मंत्री ने महिला प्रशिक्षुओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। कारागार मंत्री ने महानिदेशक कारागार पी.सी. मीना, प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. रामधनी एवं समस्त प्रशिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और परिश्रम से प्रशिक्षु सक्षम एवं योग्य बन पाए हैं। कार्यक्रम में महानिदेशक कारागार श्री पीसी मीना ने जानकारी दी कि संस्थान की स्थापना 1 अगस्त 1940 में हुई थी और यह एशिया का पहला जेल प्रशिक्षण संस्थान है। अब तक यहां 1736 अधिकारियों एवं 13,391 जेल वार्डरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जबकि 1287 अधिकारियों एवं कार्मिकों को रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है।

# डीएम के सख्त निर्देश, घर बैठे मोबाइल ऐप से पूरा करें केवाईसी

# एलपीजी ई-केवाईसी अभियान तेज : एक सप्ताह में 100% लक्ष्य तय

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर में एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी अभियान तेज कर दिया गया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर एक सप्ताह के भीतर सभी कनेक्शन धारकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रशासन ने इसे समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग मांगा गया है। जिलाधिकारी ने गैस सिलेंडर की ओवररेटिंग को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं अधिक कीमत वसूली की शिकायत मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि शादी-विवाह और अन्य आयोजनों के लिए पर्याप्त जलौनी लकड़ी उपलब्ध है। आवश्यक संस्थानों के लिए सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी समिति की निगरानी में की जा रही है।





## बैठक में बनाई गई रणनीति

महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सदरपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित बैठक में अभियान को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में कोटेदार, जिला पूर्ति अधिकारी, ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधि, पूर्ति निरीक्षक और एलपीजी वितरक मौजूद रहे।

## घर बैठे मोबाइल ऐप से सुविधा

प्रशासन ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए घर बैठे ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई है। उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन के जरिए संबंधित गैस कंपनी के ऐप डाउनलोड कर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी एलपीजी कनेक्शन धारकों के लिए केवाईसी अनिवार्य है। इससे गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारु बनी रहेगी और किसी भी तरह की समस्या से बचा जा सकेगा। जिला पूर्ति विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि नॉन-केवाईसी उपभोक्ताओं की सूची कोटेदारों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि अभियान को योजनाबद्ध तरीके से चलाया जा सके।

# ईद-उल-फितर पर उमड़ा उत्साह

अंबेडकरनगर। जिले भर में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे जोश और अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह होते ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के दौरान लोगों ने देश की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। घरों में सेवई, शीर-खुरमा और अन्य पारंपरिक पकवान बनाए गए। लोग एक-दूसरे के घर जाकर त्योहार की खुशियां साझा करते नजर आए। बाजारों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। बच्चों में ईद को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया। ईदी मिलने के बाद बच्चों ने खिलौने, मिठाइयां और अन्य जरूरी सामान खरीदा। कपड़े, जूते और मिठाई की दुकानों पर अच्छी भीड़ रही, जिससे व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे। त्योहार के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

# अंबेडकरनगर मुख्यालय जगमगाया, 138 डबल आर्म स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण

## एमएलसी हरिओम पांडेय ने पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत किया शुभारंभ

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत अंबेडकरनगर जिला मुख्यालय पर शहजादपुर फौव्वारा चौराहा से संघतिया पुलिस चौकी (मालीपुर मार्ग) तक 138 डबल आर्म स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण शनिवार को MLC हरिओम पांडेय ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री ए०के० शर्मा के आशीर्वाद एवं MLC हरिओम पांडेय के प्रयास से स्वीकृत इस परियोजना से जिले का प्रमुख मार्केट क्षेत्र अब सुरक्षित और रोशन हो गया है। स्थापित स्ट्रीट लाइटों से न केवल नगरवासियों को बल्कि जिले के अन्य क्षेत्रों से आने वाले राहगीरों को भी सुविधा होगी। रात के समय सड़कें सुरक्षित और सुगम हो गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी और जनजीवन में सुधार आएगा।



**कार्यक्रम में हुई भारी उपस्थिति**

लोकार्पण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा, प्रभारी अधिशासी अधिकारी/SDM विशाल सारस्वत, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सागर सिंह, सहित नगर वासियों की उपस्थिति रही।

## फास्ट न्यूज

### अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर सर्विस सेंटर पर ओवररेटिंग का आरोप

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में अकबरपुर-बसखारी मार्ग स्थित टाटा मोटर्स के एक अधिकृत सर्विस सेंटर पर ओवररेटिंग का मामला सामने आया है। ग्राहकों ने आरोप लगाया है कि गाड़ियों में उपयोग होने वाली यूरिया (AdBlue) की बाल्टी निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेची जा रही है। ग्राहकों के अनुसार, यूरिया की बाल्टी पर 1320 रुपये कीमत अंकित है। इसके बावजूद सर्विस सेंटर पर इसे 1750 रुपये में बेचा जा रहा है।

### आगरा में संध्या सिंह को प्रदेश सेवा रत्न सम्मान

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर की समाजसेवी संध्या सिंह को आगरा में आयोजित प्रदेश सेवा रत्न सम्मान समारोह 2026 में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके सामाजिक कार्यों के लिए दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन संकल्प मानव सेवा संस्था (रजि.), आगरा की ओर से किया गया। आगरा स्थित मां वैजयंती देवी रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के कई जिलों से समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री और पूर्व राज्यपाल उत्तराखंड बेबी रानी मौर्य मौजूद रहीं।

### अंबेडकरनगर के 14 आमेलित शिक्षकों को मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के पुराने सेवाओं को जोड़कर 2005 से पूर्व विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का आदेश जारी किया है। इसके तहत जनपद अंबेडकरनगर के 14 शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा।

# बसखारी-अशरफपुर किछौछा जलालपुर मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण शुरू

## एमएलसी हरिओम पांडेय ने किया भूमि पूजन

**10.46 करोड़ की लागत से होगा काम**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। बसखारी बाजार से अशरफपुर किछौछा और जलालपुर मार्ग (किमी०-14.400 से किमी०-20.200 तक) के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का भूमि पूजन और शिलान्यास शनिवार को MLC हरिओम पांडेय ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से इस मार्ग के विकास पर 10 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत स्वीकृत की गई है। इस मार्ग के चौड़ीकरण और मजबूत निर्माण से स्थानीय जनता के साथ-साथ क्षेत्र के श्रद्धालुओं को आवागमन में आसान सुविधा मिलेगी। परियोजना पूरी होने पर यातायात की सुरक्षा और सड़क पर लगने वाले समय में कमी आएगी। भूमि पूजन और



शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय कार्यकर्ता और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय जनता ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर इस विकास कार्य का स्वागत किया। लोक निर्माण विभाग परियोजना के कार्यान्वयन और गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखेगा। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय में कार्य पूरा कर सड़क को आधुनिक और सुरक्षित बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# मधुमक्खियों का हमला : दो सगी बहनें घायल, एक की हालत गंभीर

## सम्मनपुर क्षेत्र के मछलीगांव में हुआ हादसा, खेत जाते समय टूटा छत्ता

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के मछलीगांव में शुक्रवार शाम एक अप्रत्याशित हादसे में मधुमक्खियों के हमले से दो सगी बहनें घायल हो गईं। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, मछलीगांव निवासी राजितराम अपने खेत में सरसों की मड़ाई करा रहे थे। इसी दौरान उनकी बेटियां शिवांगी और अंशिका घर से बोरी लेकर खेत की ओर जा रही थीं। दोनों बहनें गांव के बाहर बाग के रास्ते से गुजर रही थीं।बताया गया कि रास्ते में अचानक एक पेड़ से मधुमक्खियों का छत्ता टूटकर शिवांगी के ऊपर गिर गया। छत्ता गिरते ही बड़ी संख्या में मधुमक्खियां सक्रिय हो गईं और शिवांगी पर



हमला कर दिया। शिवांगी को मधुमक्खियों से घिरा देख अंशिका उसे बचाने के लिए दौड़ी। इस दौरान मधुमक्खियों का झुंड अंशिका पर भी टूट पड़ा। दोनों बहनें हमले के बीच फंस गईं और मदद के लिए चीखने लगीं।आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद दोनों को मधुमक्खियों के झुंड से अलग किया। घटना की सूचना मिलते ही पिता राजितराम भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सहायता से दोनों बहनों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अंशिका की हालत स्थिर पाई गई, जिसके बाद उसे घर भेज दिया गया। वहीं शिवांगी की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर तनाव

## गांव में नींव खुदाई पर विवाद, पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया

**तमसा संकेत, संवाददाता**

भीमराव अंबेडकर की नई प्रतिमा स्थापित करने के प्रयास के दौरान तनाव उत्पन्न हो गया। ग्राम पंचायत के मिलजुला गाटा संख्या 356 पर नींव की खुदाई शुरू की गई थी, जिस पर कुछ ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। गांव के निवासी राजाराम, राधेश्याम और कपूर सहित कई लोगों ने प्रतिमा स्थापना का विरोध करते हुए प्रशासन को घटना की जानकारी दी। इंस्पेक्टर संतोष सिंह और उनकी टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया। उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह भी मौके पर पहुंचे और प्रतिमा स्थापना का काम तत्काल रोकने के निर्देश दिए। विवाद बढ़ने की आशंका के चलते थानाध्यक्ष आलापुर, राजेसुल्तानपुर, कटका और जैतपुर सहित लगभग आधा दर्जन थानों की पुलिस फोर्स को तैनात किया गया। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने




के लिए दो कंपनी पीएसी भी मौके पर पहुंचाई गई। एसडीएम सुभाष सिंह ने स्पष्ट किया कि विवादित स्थल पर किसी भी कीमत पर प्रतिमा स्थापित नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि शांति भंग की आशंका के चलते दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। मौके पर पुलिस बल और पीएसी तैनात हैं। प्रशासन और पुलिस ग्रामीणों के साथ मिलकर स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं और आगे की आवश्यक कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं।

# मेडिकल कॉलेज को मिले 53 नर्सिंग अधिकारी, स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बल

## मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन दिया नियुक्ति पत्र, स्थानीय स्तर पर भी हुआ वितरण

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज को 53 नए नर्सिंग अधिकारी मिले हैं। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन लखनऊ से ऑनलाइन माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसके बाद मेडिकल कॉलेज में भी कार्यक्रम आयोजित कर नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय मौजूद रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद और जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामसुंदर वर्मा ने भी भाग लिया। सभी अतिथियों ने नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों



को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ मुकेश यादव, उपप्रधानाचार्य डॉ उमेश वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित पटेल, चीफ प्रॉक्टर डॉ प्रमोद यादव और नर्सिंग प्राचार्य डॉ भास्कर सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।

इस पर मुख्य अतिथि ने आश्वासन दिया कि मांग पत्र मिलने पर इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### नर्सिंग स्टाफ की कमी होगी दूर

कॉलेज प्रशासन के अनुसार, वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में 255 नर्सिंग पद स्वीकृत हैं, लेकिन अब तक केवल 79 नर्सिंग कर्मी ही तैनात थे। 53 नए नर्सिंग अधिकारियों के आने से यह संख्या बढ़कर 132 हो जाएगी। इससे मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद है। प्रधानाचार्य ने बताया कि नए स्टाफ के जुड़ने से अस्पताल की कार्यप्रणाली बेहतर होगी और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग हॉस्टल की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। इस पर मुख्य अतिथि ने आश्वासन दिया कि मांग पत्र मिलने पर इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# महिला पुलिस की स्कूटी रैली

## डीएम और एसपी ने दिखाई हरी झंडी, शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली

**अभियान**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में रविवार को महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान के तहत महिला पुलिस कर्मियों द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई। रैली को पुलिस लाइन से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि जनपद में महिला सुरक्षा के लिए लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

एंटी-रोमियो स्क्वॉड सक्रिय है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इनमें छात्राओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाती है।



रैली के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी टांडा/लाइन शुभम कुमार, प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार, सोशल मीडिया सेल प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव और मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### प्रमुख मार्गों से निकली रैली

यह रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर पटेल नगर तिराहा, रोडवेज बस अड्डा और तहसील तिराहा सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से आमजन को महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। रास्ते में जगह-जगह रुककर महिला पुलिस कर्मियों ने लोगों से संवाद भी किया। विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

### हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

रैली के दौरान 1090, 112 और 181 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग कर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी घटना की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

**प्रदर्शन : बेटियों का दमदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में चार टीमें, मेरठ, लखनऊ और अयोध्या की बड़ी जीत**

# राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय में चल रही पांच दिवसीय प्रतियोगिता में लीग मुकाबले रोमांचक रहे। रविवार को मेरठ ने भदोही को 1-0 से हराया। अयोध्या हॉस्टल ने अंबेडकरनगर को 6-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने भदोही को 3-0 से पराजित किया। अयोध्या हॉस्टल ने गोरखपुर को भी 6-0 से हराया। दिन के अंतिम मुकाबले में लखनऊ ने मेरठ को 3-0 से हराया। प्रतियोगिता के दौरान जिला खेल अधिकारी शीला भट्टाचार्य ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति की ओर से सभी टीमों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अंबेडकर-नगर के खिलाफ भी वाराणसी ने 2-0 से जीत दर्ज की। वहीं भदोही ने सहारनपुर को 6-0 से हराया।



### पहले दिन के मुकाबलों में एकतरफा जीतें

शनिवार को खेले गए मुकाबलों में मेरठ ने सहारनपुर को 5-0 से हराकर शानदार शुरुआत की। अंबेडकरनगर और गोरखपुर के बीच मुकाबले में गोरखपुर ने 2-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में मेरठ ने सहारनपुर को 5-0 से हराया। लखनऊ और सहारनपुर के बीच मुकाबले में लखनऊ ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 25-5 से जीत दर्ज की। गोरखपुर और वाराणसी के बीच मुकाबला करीबी रहा, जिसमें वाराणसी ने 3-2 से जीत हासिल की।



### सेमीफाइनल में पहुंचीं चार मजबूत टीमें

लीग मुकाबलों के आधार पर स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, वाराणसी, स्पोर्ट्स हॉस्टल अयोध्या और लखनऊ की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। सोमवार को सेमीफाइ-नल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में गोरखपुर का सामना वाराणसी से होगा। दूसरे मैच में अयोध्या और लखनऊ आमने-सामने होंगे। कार्यक्रम संयोजक और जिला हॉकी संघ के सचिव हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मुकाबले प्रतिस्पर्धात्मक रहे। टीमों ने संतुलित प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर सेमीफाइनल की टीमें तय हुईं।

# कन्या सुमंगला योजना का प्रभाव: 33,718 बेटियों को मिला लाभ

## नव निर्माण के 9 वर्ष पूरे, 785.61 लाख रुपये की राशि वितरित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। योगी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर जारी आंकड़ों के अनुसार जिले की 33,718 बेटियों को इस योजना का लाभ मिला है। इनके लिए कुल 785.61 लाख रुपये की धनराशि वितरित की गई है। यह योजना बेटियों के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसके माध्यम से परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करने और बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना का लाभ मिलने से जिले के हजारों परिवारों को सीधा सहारा मिला है। महिला कल्याण विभाग की ओर से योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पात्र परिवारों की बेटियां इससे जुड़ रही हैं। इससे बालिकाओं की पढ़ाई जारी रखने में मदद मिली है और बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर में कमी आई है। योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक मदद से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। परिवार अब बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। योजना समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी मजबूत कर रही है। जिला



प्रशासन के अनुसार, योजना के लिए पात्रता में उत्तर प्रदेश का निवासी होना, परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम होना और अधिकतम दो बेटियों तक लाभ सीमित होना शामिल है। कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। इससे पारदर्शिता बनी रहती है और लाभार्थियों को समय पर सहायता मिलती है। योजना के तहत कुल 25,000 रुपये की सहायता छह चरणों में दी जाती है। जन्म के समय 5,000 रुपये, एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण पर 2,000 रुपये, कक्षा 1 में प्रवेश पर 3,000 रुपये, कक्षा 6 में प्रवेश पर 3,000 रुपये, कक्षा 9 में प्रवेश पर 5,000 रुपये और स्नातक या दो वर्षीय डिप्लोमा में प्रवेश पर 7,000 रुपये दिए जाते हैं।

# सम्पादकीय

## कमजोर सिद्ध होते ट्रंप, जवाबी कार्रवाई करने में अब भी सक्षम ईरान



अमेरिका की ओर से इजरायल के खिलाफ छेड़ा गया युद्ध जिस तरह चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया, उससे यही लगता है कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान की सैन्य क्षमता का आकलन सही तरह नहीं किया। इसका प्रमाण केवल यह नहीं है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है, बल्कि यह भी है कि वह इजरायल और अमेरिका के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है, जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी। लगता है अमेरिका और इजरायल यह मानकर चल रहे थे कि जैसे पिछले वर्ष जून में उनके हमलों के सामने ईरान दो सप्ताह के अंदर ही एक तरह से पस्त पड़ गया था, वैसे ही इस बार भी पड़ जाएगा। यह साफ है कि ईरान ने इस आकलन को विफल कर दिया। इसका कारण यही हो सकता है कि उसने पिछले वर्ष अमेरिका एवं इजरायल के हमलों का सामना करने के बाद अपनी सैन्य तैयारियों पर खासा जोर दिया और कहीं अधिक व्यापक मारक क्षमता विकसित की। यह भी स्पष्ट ही है कि अमेरिका और इजरायल यह नहीं भांप सके कि ईरान लड़ाई को विस्तार देने के लिए खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों के साथ वहां के ऊर्जा स्रोतों को भी निशाना बनाकर तेल एवं गैस संकट पैदा कर सकता है। ईरान जिस तरह युद्ध को लंबा खींचने और उसे विस्तार देने में सक्षम है, उससे यही पता चलता है कि अमेरिका और इजरायल उसे लेकर मुगालते में रहे। ऐसा तभी होता है जब कोई अपनी रणनीति और सैन्य क्षमता को लेकर अति आत्मविश्वास अथवा अहंकार से ग्रस्त हो। इसमें संदेह नहीं कि ट्रंप अहंकार से भरे शासनाध्यक्ष हैं। शायद वेनेजुएला में आनन-फानन तख्तापलट करने में सक्षम रहने के बाद उनका अहंकार और बढ़ गया और इसीलिए उन्होंने इजरायल संग ईरान पर हमला बोल दिया। अब वे इसकी कीमत चुकाते दिख रहे हैं। वे भले ही खुद को सबसे शक्तिशाली शासनाध्यक्ष दर्शा रहे हों, लेकिन ईरान पर हमले के बाद ऊर्जा संकट गहराने के पश्चात उन्हें जिस तरह रूस से तेल खरीदने की अनुमति देनी पड़ी, वह उनकी कमजोरी का ही परिचायक रहा। नाटो देशों का उनकी मदद के लिए आगे न आना और अब उनकी ओर से यह कहना भी उनकी कमजोरी को ही बयान करता है कि अमेरिका इस युद्ध में अपने तय किए गए लक्ष्यों के काफी करीब पहुंच चुका है और वे ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों को कम करने पर विचार कर रहे हैं। पता नहीं वे सच में ऐसा सोच रहे हैं या नहीं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ईरान में सत्ता परिवर्तन के कोई आसार नहीं। यदि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य हासिल किए बिना किसी बहाने अपने कदम पीछे खींच लेते हैं तो देश-दुनिया में उनका प्रभाव तो कम होगा ही, ईरान अमेरिका के साथ-साथ इजरायल के लिए और बड़ी चुनौती भी बन जाएगा।

## सूने हैं पनघट और प्यासे हैं पोखर-ताल



संस्कृत वांग्मय का आंगन जल-माहात्म्य के श्लोकों एवं ऋचाओं से परिपूर्ण है। 'आपः वंदे मातरम्' कह कर प्राणिमात्र के पोषण के लिए जल को माता की भूमिका में स्वीकार कर श्रद्धा एवं सम्मान अर्पित किया गया है। लोक जीवन में जल वरुण देवता के रूप में पूजित एवं अर्चित हैं। हिंदू परम्परा में जन्म से मृत्यु पर्यंत समस्त कर्मकाण्ड जल के सान्निध्य में ही सम्पन्न होते हैं। नव प्रसूता द्वारा कुआं पूजन की रस्म इसी रीति का आवश्यक अंग बनकर जीवन के सर्वांगीण विकास में जल की उपयोगिता पर लोक की ललित छाप ही है। किसी अनुष्ठान हेतु उद्यत यजमान हथेली में कुश, अक्षत और जल लेकर ही संकल्पबद्ध होता है तो सरिता एवं सरोवरों में स्नानोपरांत अंजुलि में जल लेकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर लोक के योगक्षेम की कामना के मनोहारी दृश्य भी दिखते हैं।

**प्रमोद दीक्षित मलय**

# पप्पू से एल ओ पी तक



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

> वैसे गोली मारने की बात तो राजस्थान का एक भाजपा कार्यकर्ता कर ही चुका है। राहुल गांधी ने 11 फरवरी 2021 को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कहा कि आज देश के को चार लोग चलाते हैं हम दो हमारे दो।



आज हम एक ऐसे व्यक्ति की चर्चा करने वाले हैं जो भारत की राजनीति को एक नया मोड़ देने के लिए प्रतिबद्ध है। वैसे उसे व्यक्ति कहना शायद उचित नहीं क्योंकि वह व्यक्ति अब व्यक्तित्व बन चुका है। A person has changed into personality. ऐसे में अगर मैं यह कहूं कि आज वह एक संस्था के रूप में परिवर्तित हो चुका है, एक अलग मुकाम बना चुका है तो गलत नहीं होगा। आप सोच रहे होंगे कि मैं किसकी चर्चा कर रहा हूं तो गेश कीजिए , नहीं समझे , मैं चर्चा कर रहा हूं उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सांसद राहुल गांधी की वहीं राहुल गांधी जो लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष है यानी साइडो प्राइम मिनिस्टर । वही राहुल गांधी जो सत्ता प्रतिष्ठान की आंखों में इस तरह खटक रहा है जैसे आंख में मच्छर पड़ गया है और उसे निकालने की आप जितना प्रयास करते हैं आंख उतनी ही लाल होती जा रही है और वह मच्छर तभी बाहर आ पाता है जब वह मर जाता है । भारत की राजनीति में राहुल गांधी अकेला एक ऐसा व्यक्तित्व है जिसने न केवल भाजपा बल्कि संघ परिवार की भी नींद हराम कर रखी है। वैसे मैं अपनी बात को आगे बढाऊं उससे पहले मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि न तो मैं कांग्रेस का Spoks person हूं और न ही राहुल गांधी जी का निजी सहायक। मैं एक अदना सा पत्रकार हूं जो अपने को लाइमलाइट से दूर रखता है। मैं वह पत्रकार हूं जो एक समय Decline & Fault of Rahul Gandhi नामक पुस्तक लिख रहा था। लेकिन शनै शनै हमें यह अहसास हुआ कि राहुल गांधी वो नहीं है जो लोग समझ रहे हैं। राहुल गांधी की पद यात्रा ने उस व्यक्ति को व्यक्तित्व के रूप में बदल दिया और उनके व्यक्तित्व ने देशवासियों को बता दिया कि अकेले राहुल गांधी संघ तथा भाजपा की नाक में दम करने की ताकत रखता है। मैं जब भी कुछ राहुल गांधी के बारे में लिखने को तत्पर होता हूं तो मुझे अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की याद आ जाती है। जो अपना प्रत्येक चुनाव हारता, धन्धा चौपट कर देता है लेकिन हिम्मत नहीं हारता है और एक दिन वह आता है जब वह अमेरिका का राष्ट्रपति बनता है। जानले की 2014 में मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री बनकर आए थे और उस समय से भाजपा के आईटी सेल ने राहुल गांधी को पप्पू बनाना शुरू किया था। राहुल को पप्पू बनाने में भाजपा तथा संघ परिवार को करोड़ों रुपये खर्च करने पड़े लेकिन भक्तों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति राहुल गांधी को पप्पू कहने को तैयार नहीं हुआ। सालों साल यह अभियान चला लेकिन राहुल गांधी पप्पू तो नहीं बन पाए अलबत्ता भारतीय राजनीति के उस केंद्र बिंदु पर खड़े हो गए जहां एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी का महिमा मंडल था, भक्तों की फौज थी तो दूसरी तरफ वह व्यक्ति जिसे लोग मोदी का विकल्प मान कर चल रहे थे। एक स्लोगन सा चल पड़ा था मोदी के साथ या राहुल के साथ । जब सत्ता प्रतिष्ठान अपने इस मंसूबे में कामयाब नहीं हुआ यानी राहुल गांधी को पप्पू नहीं बना पाया उनकी संसदीय छीनी गई, मकान छिना गया। यह सब हुआ कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 यानी लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए एक भाषण को लेकर जिसमें उन्होंने कहा था कि सब चोरों के नाम मोदी सरनेम क्यों। इस भाषण पर सूरत यानी गुजरात की सीजीएम कोर्ट ने भाजपा नेता पूर्णेश मोदी की याचिका पर राहुल गांधी को जो अधिकतम सजा हो सकती थी और जिसमें संसद की सदस्यता जा सकती थी यानी 2 साल की सजा सुनाई । जिसे जैसा कि आप जानते हैं बाद में सुप्रीम कोर्ट ने बहाल कर दी। उसमें भी सत्ता प्रतिष्ठान कामयाब नहीं हो पाया । वैसे इसके जवाब में सत्ता प्रतिष्ठान कहेगा कि वह तो अदालत का फैसला था अरे मैं कहां कह रहा हूं कि फैसला आपका था जब सत्ता प्रतिष्ठान इसमें भी कामयाब होते नजर नहीं आया और राहुल गांधी के हमले चाहे लोकसभा हो संसद परिसर हो या फिर पब्लिक मीटिंग या कार्यकर्ता मीटिंग बढ़ते गए। तो अब नेता प्रतिपक्ष को गद्दार घोषित करने टपोरी कहने का सिलसिला शुरू हुआ। कभी-कभी तो मैं सोचता हूं कि आखिर बंदा किस मिट्टी का बना है जिस पर कोई हमला उसका कुछ बिगाड़ नहीं पाता। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजू को सुना जाना चाहिए कि कैसे बता रहे हैं कि राहुल गांधी गद्दार है। वह जब विदेश जाते हैं तो उन लोगों से मिलते हैं जो देश के दुश्मन है जबकि लोकतंत्र का तकाजा है कि नेता प्रतिपक्ष तथा संसदीय कार्य मंत्री के बीच अच्छी अंडरस्टैंडिंग होनी चाहिए ताकि संसद में प्रावधान उत्पन्न ना हो। भाजपा के ही सांसद निशिकांत दुबे को सुनिए वे कहते हैं कि राहुल गांधी के विदेश जाने का खर्च कौन उठाता है? साल में कितनी बार विदेश जाते हैं? इसका खुलासा होना चाहिए। भाजपा के एक और सांसद तथा पूर्व मंत्री रवि शंकर प्रसाद जी कहते हैं की साइडो पीएम विदेश में जाकर देश को बदनाम करते हैं देश के खिलाफ बोलते हैं । वगैरा-वगैरा अभी ताजा ताजा बयान भाजपा सांसद कंगना रनौत का आया है जिसमें वह कहती है कि राहुल गांधी की भाषा एक टपोरी जैसी है। वह बयान राहुल के हालिया हमलो यानी एलजी संकट तथा महंगाई पर आया था। कुल मिलाकर सवाल यह उठता है कि भाजपा नेताओं के यह बयान क्या भाजपा हाई कमान की जानकारी या मर्जी के बगैर आते है। शायद नहीं। तो फिर क्या लोकतंत्र में सवाल पूछना, आलोचना करना, जनहित के मुद्दे उठाने, देश समस्याओं पर चर्चा करना गलत है? लिखना गलत है? बहस करना गलत है? आखिर क्या वजह है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सत्ता प्रतिष्ठान की आंखों के किरकिरी बने हुए हैं। क्या सत्ता प्रतिष्ठान चाहता है कि राहुल गांधी की सदस्यता चली जाए? क्या वह सांसद ना रहे? क्या भाजपा ने उनको सांसद बनाया है? आखिर भाजपा यह क्यों नहीं स्वीकार करती कि कांग्रेस एक बड़ा राजनीतिक दल है जो लोकसभा में भाजपा के बाद सबसे बड़ा दल है। ऐसे में हमें राहुल गांधी के भी कुछ बयानो को पढ़ना चाहिए ध्यान से सुनना चाहिए और फिर यह निर्णय करना चाहिए कि लोकतंत्र को दफनाने का काम कौन कर रहा है। 21 फरवरी 2023 को राहुल गांधी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत में फासिज्म आ चुका है। लोकतांत्रिक संस्थाएं ढह रही हैं। मुझे 2 साल तक संसद में बोलने नहीं दिया गया, विचारों की लड़ाई में अगर जरूरत पड़ी तो मैं अपनी जान भी दे सकता हूं। 17 जनवरी 2023 को पंजाब के होशियारपुर में मीडिया से राहुल गांधी ने कहा कि यदि कोई उसका गला भी काट दे तो भी वह संघ मुख्यालय नागपुर नहीं जाएंगे। 19 जनवरी 2021 को कृषि कानून को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी या बीजेपी से डरता नहीं। यह लोग मुझे यहां हाथ नहीं लगा सकते लेकिन गोली मरवा सकते हैं।

## न्यायमूर्ति बी.वी...

कमलेश पांडेय

# आखिर नफरत भरे भाषण पर कब सजग और सक्रिय होंगे हमारे हुक्मरान?



नफरत भरे भाषण, किसी भी सभ्य समाज के लिए वैचारिक कैंसर और सामाजिक एड्स के जैसा जानलेवा है, लेकिन दुनियावी तर्ज पर भारतीय लोकतंत्र में भी यह एक बुनियादी राजनीतिक-सामाजिक फैशन बनता प्रतीत हो रहा है। कोढ़ में खाज यह कि 'बहुमत की भूखी' संसद और उसके 'इशारे पर कुछ कुछ फैसले लेने के आदी बन चुके' सुप्रीम कोर्ट ने आजादी के 8वें दशक में भी विषाक्त बयानबाजियों के खिलाफ कोई कड़ा राष्ट्रवादी स्टैंड नहीं लिया ताकि राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर अनवरत रूप से जारी साम्राज्यवादी वैचारिक हमले की धार कुंद की जा सके! ऐसा इसलिए कि इनकी भी अपनी विवशता है! चूंकि पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले अधिकार संपन्न लोग ब्रितानी नौकरशाही और राजशाही के इशारे पर बने भारतीय संविधान₹ को मानने को अभिशप्त हैं और अपनी व्यवहारिक और मौलिक सोच को ताखे पर रख चुके हैं, इसलिए हर जनतांत्रिक बीमारी लाइलाज हो चुकी है और भारत माता अपनी ही संतानों को निरंतर मुखाग्नि देते देते थककर बूढ़ी हो चली है। राष्ट्रीय दुर्भाग्य यह कि पहले मुस्लिम शासकों और फिर अंग्रेजी नौकरशाहों ने भारत को जातीय, साम्प्रदायिक, भाषाई-क्षेत्र और लिंग के लिहाज से बांटकर निरंतर कमजोर रखने की जो साजिश रची, उसे अँग्रेजों के लाभुक इशारों पर चलने वाले भारत के आजादी कालीन नेताओं ने बहुमत प्राप्ति का लोकतांत्रिक आधार बना दिया। पहले अखंड भारत को खंडित किया और फिर जाति-धर्म-भाषा की तुष्टीकरण वाले अंग्रेजी कानूनों को हूबहू स्वीकार कर लिया। इससे सामाजिक विखण्ड की प्रक्रिया तेज हुई। चौंकाने वाली बात तो यह कि कांग्रेस को कमजोर करने के लिए समाजवादियों और राष्ट्रवादियों ने भी जाति-धर्म-भाषा-क्षेत्र से जुड़े जनभावनाओं को भड़काया और बहुमत पाकर सत्ता हथियाया लेकिन भारतीयों की नीतिगत एकजुटता की बात मील का पत्थर बनकर रह गई। मतलबी सरकारें बदलती रहीं, भारत माता की आत्मा पर अनगिनत प्रहार जारी हैं, लेकिन हमारी संसद और सुप्रीम कोर्ट प्रबुद्ध और सुसंस्कृत भारत के निर्माण की जगह यूरोपीय और अरबी कलह को भारत पर थोपने की मूर्खता प्रदर्शित कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। यह कितनी मूर्खतापूर्ण बात है कि आजाद भारत में गरीबी और अपराध को जातीय चश्मे से देखा जाता है, सवर्ण यानी सामान्य जाती विरोधी कानून बनाये जाते हैं और सुप्रीम कोर्ट भी ऐतिहासिक सामाजिक अन्याय का जिक्र करते हुए वर्तमान और भविष्य के सवर्ण विरोधी सामाजिक अन्याय किये जाने के निकृष्ट जनतांत्रिक विचारों पर मोहर लगाता है। खासकर भारतीय संविधान से जुड़े संवैधानिक अनुच्छेद (14, 15, 19, 21, SC/ST Act) की तर्क-संभाव्यता, आदि) को भी विस्तार से देखने और इनपर पुनर्विचार की जरूरत है। अन्यथा, देर सबेर सामान्य जातियों के बीच भी संसद और सुप्रीम कोर्ट का अप्रासंगिक होना तय है। यक्ष प्रश्न है कि आखिर बहुमत की राजनीति के लिए समाज को कब तक झुलसाया जाएगा क्योंकि जब सहिष्णुता के विचार बदलेंगे तो व्यवस्था बदलते देर नहीं लगेगी! चूंकि प्रभावित पक्षों के लिए भारतीय संविधान का पक्षपाती दृष्टिकोण एक ऐसा 'मटमैला पन्ना' है, जो जाति, सम्प्रदाय, भाषा, क्षेत्र, लिंग आदि में वैधानिक विभेद रचता है और उसे सामान्य जातियों के खिलाफ ऐतिहासिक सामाजिक अत्याचार का प्रतिफल करार देता है। हैरत की बात है कि संविधान जिन लोगों को कानूनी संरक्षण देता है, उनके व्यक्तिगत और सामाजिक उत्पातों पर से भी प्रशासन अपनी आंखें फेर लेता है, यह जमीनी हकीकत है, इसलिए कतिपय सवाल लाजिमी है। बहरहाल, नफरती भाषण सम्बन्धी जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट का स्टैंड व्यावहारिक है, और संवैधानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो काफी संतुलित और सही माना जा सकता है, लेकिन यह बिना विवाद के नहीं है—विशेषकर जातिगत भावनाओं के मामले में। सवाल है कि नफरत भरे भाषण सुप्रीम कोर्ट का रुख क्या था? तो जवाब होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण को अलग-से "जाति-आधारित दंडनीय अपराध" घोषित करने की भी याचिका पर विशेष निर्णय देने से इनकार कर दिया और याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने स्पष्ट कहा कि "केवल ब्राह्मण ही क्यों, किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरती भाषण स्वीकार्य नहीं है", यानी एक विशेष जाति को अलग-सा "हेट स्पीच" खंड के तहत नहीं रखा जाना चाहिए।

## अंग्रेजो को भारत...

अशोक भाटिया

# सिन्धी समाज को गोरवान्तिक करते है शहीद हेमू कालानी



कौन सोच सकता था कि सिंधी लोग भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल थे? क्या सिंधी लोग एक विचित्र, धन-लोभी, शोषक और असभ्य समुदाय नहीं थे? सिन्धीयों ने आजादी के लिए न अपना देश छोड़ा परन्तु इतिहास गवाह है कि देश की आजादी में सिंधियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। विभाजन के बाद, सिंधी समुदाय ने न केवल अपनी पहचान बनाए रखी, बल्कि भारत के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिंधी समुदाय के कई सदस्यों ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया और देश के लिए बलिदान दिया। आजादी की लड़ाई में भारत के सभी प्रदेशो का योगदान रहा। अंग्रेजो को भारत से भगा कर देश को जिन वन्दनीय वीरो ने आजाद कराया उनमे सबसे कम उम्र के बालक क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी को भारत देश कभी नही भुला पायेगा। हेमू कालाणी सिन्ध के सख्खर में 23 मार्च सन 1923 में जन्में थे। उनके पिताजी का नाम पेसूमल कालाणी एवं उनकी मां का नाम जेठी बाई था।हेमू बचपन से साहसी तथा विद्यार्थी जीवन से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहे। हेमू कालाणी जब मात्र 7 वर्ष के थे तब वह तिरंगा लेकर अंग्रेजो की बस्ती में अपने दोस्तों के साथ क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे। 1942 में 19 वर्षीय किशोर क्रांतिकारी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' नारे के साथ अपनी टोली के साथ सिंध प्रदेश में तहलका मचा दिया था और उसके उत्साह को देखकर प्रत्येक सिंधवासी में जोश आ गया था। बताया जाता है कि जब वह मात्र सात वर्ष के थे, तभी तिरंगा लेकर अंग्रेजों की बस्ती में चले जाते थे और अपने मित्रों के साथ निर्भीक होकर सभाएं करते थे। वह पढ़ाई-लिखाई में अच्छे होने के अलावा अच्छे तैराक तथा धावक भी थे। वह तैराकी में कई बार पुरस्कृत हुए थे। आठ अगस्त,1942 को गांधी जी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' तथा 'करो या मरो' का नारा दिया। गांधी जी का कहना था कि या तो स्वतंत्रता लेंगे या फिर जान दे देंगे। अंग्रेजों को जाना ही होगा। इससे देश की जनता अंग्रेजों के विरुद्ध उद्वेलित हो गई थी और क्रांतिकारी गतिविधियां तेज हो गई थीं। फलतः ब्रिटिश सरकार क्रांतिकारियों का दमन करने लगी। सिंध प्रांत में जब यह आंदोलन तीव्र हुआ तो किशोरों व नवयुवकों के साथ हेमू कालाणी भी 'स्वराज सेना' के जरिए मुख्य भूमिका में इससे जुड़ गए।8 अगस्त 1942 को गांधी जी ने अंग्रेजों के विरुद्ध भारत छोडो आन्दोलन तथा करो या मरो का नारा दिया। इससे पूरे देश का वातावरण एकदम गर्म हो गया। गांधी जी का कहना था कि या तो स्वतंत्रता प्राप्त करेंगे या इसके लिए जान दे देंगे। अंग्रेजों को भारत छोड कर जाना ही होगा। जनता तथा ब्रिटिश सरकार के बीच लडाई तेज हो गई।

## जरा हटके

## यह न केवल निजता...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग और नैतिकता उल्लंघन के निरंतर बढ़ते मामले




समय की संवेदी सरिता जब तकनीक के तीव्र तरंगों से टकराती है, तब विकास का विस्तार तो होता है, किंतु साथ ही मूल्य, मर्यादा और नैतिकता की परीक्षा भी प्रारंभ हो जाती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जिसे आधुनिक युग की अद्भुत उपलब्धि कहा जा रहा है, आज मानव जीवन के हर क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी है—शिक्षा से चिकित्सा तक, मीडिया से सैन्य तक, और संवाद से निर्णय तक। किंतु इसी के साथ एक गंभीर प्रश्न भी सामने खड़ा हो गया है कि क्या यह तकनीक अपने साथ नैतिकता के संकट को भी जन्म दे रही है। आज विश्व स्तर पर एआई के प्रयोग के साथ नैतिकता उल्लंघन के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं, और यह प्रवृत्ति केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि एक वैश्विक चुनौती बनती जा रही है। यदि इस विषय को प्रमाणिक तथ्यों और शोध के आधार पर समझें, तो स्पष्ट होता है कि एआई के दुरुपयोग की घटनाएँ अब अपवाद नहीं रहीं, बल्कि एक व्यापक प्रवृत्ति का रूप ले चुकी हैं। यूनेस्को द्वारा प्रकाशित विश्लेषण में यह उल्लेख किया गया है कि डीपफेक और जनरेटिव एआई के बढ़ते उपयोग के साथ धोखाधड़ी के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जहाँ 46 प्रतिशत धोखाधड़ी विशेषज्ञों ने "सिंथेटिक आइडेंटिटी फ्रॉड" का सामना किया, 37 प्रतिशत ने वॉयस डीपफेक और 29 प्रतिशत ने वीडियो डीपफेक का अनुभव किया। यह आँकड़ा इस बात का स्पष्ट संकेत है कि एआई अब केवल सहायक उपकरण नहीं, बल्कि अपराध और अनैतिक गतिविधियों का साधन भी बनता जा रहा है। डीपफेक तकनीक नैतिक उल्लंघन का सबसे गंभीर उदाहरण बनकर उभरी है। अंतरराष्ट्रीय एआई सुरक्षा रिपोर्टों में यह बताया गया है कि डीपफेक सामग्री का लगभग 96 प्रतिशत हिस्सा अश्लील प्रकृति का होता है और इसका अधिकांश लक्ष्य महिलाएँ होती हैं। यह तथ्य केवल तकनीकी दुरुपयोग नहीं, बल्कि सामाजिक और लैंगिक असमानता का भी प्रतीक है। हाल के वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जहाँ महिलाओं और किशोरियों की छवियों को बिना उनकी अनुमति के एआई के माध्यम से परिवर्तित कर अश्लील सामग्री बनाई गई और प्रसारित की गई। यह न केवल निजता का उल्लंघन है, बल्कि मानवीय गरिमा पर सीधा आघात भी है। वर्ष 2025-26 में सामने आया "ग्रोक डीपफेक प्रकरण" इस समस्या की भयावहता को और स्पष्ट करता है। रिपोर्टों के अनुसार इस एआई उपकरण के माध्यम से प्रति घंटे हजारों "न्यूडिफिकेशन" चित्र बनाए जा रहे थे, जिनमें महिलाओं और नाबालिगों को लक्षित किया गया। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि यदि एआई पर पर्याप्त नियंत्रण और नैतिक दिशा-निर्देश न हों तो यह तकनीक बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का माध्यम बन सकती है। नैतिक उल्लंघन का दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र है "भ्रामक सूचना और दुष्प्रचार"। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में यह चेतावनी दी गई है कि एआई के माध्यम से अत्यंत यथार्थवादी झूठी सामग्री तैयार की जा सकती है, जो चुनावों को प्रभावित कर सकती है और सामाजिक अशांति उत्पन्न कर सकती है। एक अध्ययन में यह पाया गया कि 2023 में लगभग 5 लाख डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए। यह संख्या केवल सूचना की मात्रा नहीं, बल्कि भ्रम और अविश्वास के विस्तार का संकेत है। माइक्रोसॉफ्ट के एक अध्ययन में यह पाया गया कि लोग एआई द्वारा निर्मित छवियों को पहचानने में केवल 62 प्रतिशत तक ही सफल हो पाते हैं। इसका अर्थ यह है कि अधिकांश लोग वास्तविक और कृत्रिम सामग्री के बीच अंतर करने में असमर्थ हैं, जिससे समाज में भ्रम, अविश्वास और असत्य का प्रसार बढ़ रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र, मीडिया और सामाजिक समरसता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। नैतिक उल्लंघन का तीसरा प्रमुख क्षेत्र है "निजता और डेटा का अतिक्रमण"। एआई प्रणाली विशाल मात्रा में डेटा पर निर्भर करती है, और यह डेटा अक्सर उपयोगकर्ताओं की जानकारी और सहमति के बिना एकत्र किया जाता है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि एआई आधारित प्रणालियाँ उपयोगकर्ताओं के व्यवहार, पसंद और व्यक्तिगत जानकारी का गहन विश्लेषण करती हैं जिससे "सर्विलांस कैपिटलिज्म" की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह स्थिति व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गोपनीयता के लिए गंभीर चुनौती उत्पन्न करती है। शैक्षणिक और सृजनात्मक क्षेत्र में भी एआई नैतिकता के उल्लंघन का कारण बन रहा है। अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि एआई के माध्यम से तैयार सामग्री के स्वामित्व, मौलिकता और बौद्धिक संपदा के प्रश्न जटिल होते जा रहे हैं। छात्र और शोधार्थी एआई का उपयोग करके सामग्री तैयार कर रहे हैं, जिससे "शैक्षणिक ईमानदारी" पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। यह स्थिति ज्ञान और शोध की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है। एक और अत्यंत गंभीर क्षेत्र है "बाल सुरक्षा"। यूनिसेफ की 2026 की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि एआई के माध्यम से बच्चों की छवियों को अश्लील रूप में परिवर्तित करने के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है, और कम से कम 11 देशों में 12 लाख बच्चों की छवियों का दुरुपयोग किया गया। यह तथ्य न केवल तकनीकी दुरुपयोग का उदाहरण है बल्कि यह मानवता के मूल्यों पर गंभीर आघात भी है। सामाजिक मीडिया के संदर्भ में एआई का उपयोग और भी जटिल हो जाता है। हालिया विश्लेषणों में यह पाया गया है कि एआई का उपयोग निगरानी, मानसिक प्रभाव और सामाजिक विभाजन को बढ़ाने में भी किया जा रहा है। एल्गोरिद्म आधारित सामग्री चयन उपयोगकर्ताओं को "इको चेंबर" में सीमित कर देता है, जिससे वे केवल उन्हीं विचारों को देखते हैं जो उनके पूर्वाग्रहों से मेल खाते हैं। यह स्थिति सामाजिक संवाद और लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करती है।

## पुलिस देखकर छत पर चढ़ा, बोला- मैं जेल गया तो चचेरे भाई को मार डालूंगा

# पेट्रोल छिड़ककर चचेरी बहन को जलाया

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ में चचेरे-भाई बहन के बीच जमकर मारपीट हुई। इसके बाद भाई ने चचेरी बहन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। लड़की की चीख सुनकर गांववालों ने मिट्टी डालकर आग बुझाई। आग से लड़की का चेहरा और हाथ झुलस गया। गांववालों ने पुलिस को सूचना देकर लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो आरोपी भाई अपने घर की छत पर चढ़ गया। अपने ऊपर भी पेट्रोल डाल लिया। पुलिस को धमकी देते हुए कहा- अगर मुझे पकड़ा तो मैं खुद को आग लगा लूंगा। छत पर रखे सिलेंडर में आग लगाकर आप लोगों पर फेंक दूंगा।



अगर मैं जेल गया, तो बाहर आकर चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दूंगा। हालांकि, पुलिस ने करीब 4 घंटे बाद पड़ोसी की छत से जाकर आरोपी भाई को पकड़ लिया। घटना अतरौली थाना क्षेत्र की है। भाई ने रास्ते में रोककर चचेरी बहन रश्मि (कुर्सी पर बैठी हुई) को आग लगा दी। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके बाद माचिस से आग लगा दी। आग लगते ही बेटी चीखने लगी। उसकी चीख सुनकर गांववाले मौके पर पहुंचे। उन्होंने मिट्टी डालकर आग बुझाई। लेकिन, तब तक रश्मि के हाथ, चेहरा और पेट गंभीर रूप से झुलस चुका था। सीओ राजीव द्विवेदी ने बताया कि युवती की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों के बीच प्लॉट में भैंस बांधने को लेकर लंबे समय से झगड़ा चला आ रहा है। पहले भी कई बार झगड़े हो चुके हैं। आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज है।

- भाई ने रास्ते में रोककर चचेरी बहन रश्मि (कुर्सी पर बैठी हुई) को आग लगा दी। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।
- गांववालों की मदद से घरवाले रश्मि को अस्पताल लेकर गए। वहां उसका इलाज चल रहा है।

### नवरात्र की पूजा करने के बाद खेत जा रही थी बहन

खानपुर गांव के रहने वाले जयवीर सिंह दिवाकर ने बताया– 21 मार्च की शाम मैं गांव में ही डेयरी पर दूध रखने गए थे। वहां मेरा अपने भतीजे नीरू से झगड़ा हो गया था। इसके बाद रविवार की सुबह भी जब मैं दूध रखने जा रहा था, जयवीर की पत्नी चंद्रवती ने बताया– सुबह करीब 8:30 बजे बेटी रश्मि नवरात्र की पूजा करने के बाद खेतों की तरफ जा रही थी। रास्ते में नीरू ने उसे रोक लिया। उसके साथ मारपीट की। फिर बोतल में भरा पेट्रोल बेटी के ऊपर डाल दिया।

### पुलिस से बोला- मुझे पकड़ा तो खुद को आग लगा लूंगा

इसके बाद गांववालों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस से रश्मि को अतरौली सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस पहुंची, तो आरोपी नीरू घर की तीसरी मंजिल पर चढ़ गया। पुलिस के घर में प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन नीरू ने छत पर रखा गैस सिलेंडर उठा लिया। धमकी दी कि अगर कोई पास आया तो वह सिलेंडर में आग लगाकर नीचे फेंक देगा। इसके बाद उसने खुद पर पेट्रोल डाल लिया और आत्मदाह की धमकी दी।



**नीरू ने पुलिस से कहा- अगर मैं जेल गया तो बाहर आने के बाद बदला लूंगा। मैं जेल से बाहर आने के बाद चचेरे भाई रामनिवास की गोली मारकर हत्या कर दूंगा। इसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड को भी बुला लिया। करीब 4 घंटे तक आरोपी नीरू हंगामा करता रहा। इसी बीच पुलिस पड़ोसी के घर से उसकी छत पर पहुंची और नीरू को गिरफ्तार कर लिया।**

## तीस हजार की ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक युवक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित के बैंक खाते से अज्ञात तरीके से करीब 30 हजार रुपये निकाल लिए गए। मामले की सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 पर देने के साथ ही पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्भनावा निवासी सूरज शुक्ला पुत्र राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि दिनांक 20 मार्च 2026 को सुबह करीब 9 बजकर 39 मिनट 36 सेकंड पर उसके बैंक खाते संख्या 38850100016262 से 30,102 रुपये अचानक कट गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी होते ही युवक के होश उड़ गए। पीड़ित का आरोप है कि जब मैं बैंक ऑफ बड़ौदा अपनी समस्या लेकर पहुंचा तो बैंक के अंदर नहीं



जाने दिया गया जिसके बाद डायल 112 को सूचना दी मौके पर जब पुलिस पहुंची तब गेट खुलवाया तब जांच में पता चला कि यह रकम फिनो पेमेंट बैंक के एक खाते में ट्रांसफर हुई है, जो मनप्रीत सिंह के नाम पर बताया जा रहा है। साथ ही ट्रांजैक्शन में अमेज़न आईडी (INDDBB89521C7FEF44C5BBC5AA99486C7786) का भी उल्लेख सामने आया है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि यह मामला ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़ा हो सकता है। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और संबंधित बैंक विवरण भी उपलब्ध कराया।

**फास्ट न्यूज**

### शादी से पहले युवक की कुएं में गिरने से मौत

ललितपुर। ललितपुर में शादी से 40 दिन पहले युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। रिश्तेदारों का दावा है कि पुलिस उसका पीछा कर रही थी, इसी दौरान वह कुएं में गिर गया। परिजनों का कहना है कि वे लोग बहन की शादी में दहेज देने के लिए पल्सर बाइक खरीदने गए थे। लौटते वक्त रास्ते में टॉयलेट करने के लिए रुके तो पुलिस पहुंच गई और मारपीट करने लगी। इसी बीच वह भाग निकला। घटना शुक्रवार को मड़ावरा थाना क्षेत्र की है।

### स्पा की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट

वाराणसी। वाराणसी में स्पा सेंटर पर पुलिस ने रेड डालकर सेक्स रैकेट पकड़ा है। एसओजी-2 को इसकी सूचना स्थानीय लोगों से मिली थी। इसके बाद रविवार को पुलिस के साथ छापेमारी की गई। मौके से तीन लडकियां और दो युवकों को पकड़ा गया है। उनसे पूछताछ चल रही है। मौके से पुलिस को कई आपत्तिजनक सामान भी मिले हैं। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। छापेमारी के दौरान स्पा मालिक फरार हो गया। घटना राजातलाब थाना के कचनार इलाके में पशु अस्पताल के पास की है।

### खेलते-खेलते 12वीं मंजिल से गिरा 3 साल का बच्चा

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा के एक अपार्टमेंट में 12वीं मंजिल से गिरकर 3 साल के बच्चे की मौत हो गई। मां उसे घर में अकेले छोड़कर बड़े बेटे को ट्यूशन के लिए छोड़ने गई थी। बच्चा खेलते-खेलते बालकनी में पहुंच गया। वहां रखी कुर्सी पर चढ़कर रेलिंग से झांकने लगा, तभी बच्चा नीचे गिर गया। उसके गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़कर पहुंचे।

## मिशन शक्ति की गूंज : पयागपुर पुलिस ने गांव-गांव पहुंचकर जगाई जागरूकता

तमसा संकेत, संवाददाता

पयागपुर (बहराइच)। चैत नवरात्रि के पावन अवसर पर थाना पयागपुर पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत ऐसा जागरूकता अभियान चलाया, जिसकी गूंज गांव-गांव तक सुनाई दी। 22 मार्च को ग्राम काशीजोत और नूरपुर में आयोजित "बेटी सम्मेलन" में महिलाओं और बालिकाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। मिशन शक्ति टीम ने पम्पलेट वितरित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में 1090, 1098, 112, 181 और साइबर अपराध के लिए 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबर उनकी सुरक्षा कवच हैं। कार्यक्रम का सबसे प्रभावी पहलू रहा बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करना। पुलिस टीम ने बेटियों को आत्मनिर्भर बनने और






अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही कन्या सुमंगला, मातृ वंदना और वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। मानव तस्करी और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ शपथ दिलाकर समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया गया। उपनिरीक्षक गणेश दत्त मिश्रा व उनकी टीम की इस पहल को ग्रामीणों ने सराहा और इसे भरोसे की नई मिसाल बताया।

### 2 किमी लंबी लाइन, महिलाएं बोलीं- ज्ञानवापी मुक्त करो, ऑस्ट्रेलिया की मारिया ने जयकारे लगाए

# ज्ञानवापी का श्रृंगार गौरी मंदिर एक साल बाद खुला

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी की ज्ञानवापी में मां श्रृंगार गौरी मंदिर के दर्शन के लिए रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दर्शन के लिए 2 किलोमीटर लंबी कतार लग गई। यह मंदिर हर साल चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन दर्शन के लिए खोला जाता है। यानी, अब यह मंदिर अगले साल खुलेगा। ज्ञानवापी की वादी चार महिलाएं भी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचीं। इन्होंने 'ज्ञानवापी मुक्त करो' के नारे लगाए। इन महिलाओं ने ज्ञानवापी के मंदिर होने का दावा करते हुए कोर्ट में केस कर रखा है। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा घेरे में श्रद्धालुओं की एंट्री कराई गई। 25 मिनट की पूजा के दौरान श्रृंगार गौरी



मंदिर के टूटे प्राचीन पत्थरों को सिंदूर-चंदन लगाया गया। मंत्र पढ़कर मां की आराधना की गई। श्रद्धालु शंखनाद और डमरू की गूंज के बीच 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते रहे। ऑस्ट्रेलिया की मारिया भी माता के जयकारे लगाती रहीं। 18 अगस्त 2021 को 5 महिलाओं ने वाराणसी कोर्ट में नियमित पूजा को लेकर वाद दायर किया था। मां श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की अनुमति मांगी गई थी। कोर्ट के आदेश पर परिसर में सर्वे कराया गया था।

### जय बजरंगी जय श्रीराम के लगे जयकारे

मां श्रृंगार गौरी के दर्शन के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान भक्तों ने जय बजरंगी जय श्रीराम के खूब जयकारे लगाए। करीब 25 मिनट की विधिवत पूजा के दौरान श्रृंगार गौरी मंदिर के टूटे प्राचीन पत्थरों को सिंदूर–चंदन लगाया गया। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने कहा– अंदर नारियल, डमरू की व्यवस्था कराई है।





### 1992 के बाद नियमित पूजा पर लगी रोक

1992 तक मां श्रृंगार गौरी का नियमित दर्शन-पूजन किया जाता था। अयोध्या में बाबरी विध्वंस के बाद सुरक्षा कारणों से नियमित दर्शन पर रोक लगा दी गई। इसके बाद साल में एक दिन चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन दर्शन के लिए मंदिर खोला जाने लगा।

## जगदेव यादव हत्याकांड में पुलिस की सुस्ती पर सवाल

### दो माह बाद भी खाली हाथ जांच

तमसा संकेत, संवाददाता

पयागपुर (बहराइच)। थाना पयागपुर क्षेत्र के कोट बाजार निवासी जगदेव यादव की 13 जनवरी 2026 की रात खेत की रखवाली के दौरान हुई हत्या के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के बाद से लेकर अब तक करीब दो माह बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अभी तक किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। बताया जाता है कि 13 जनवरी की रात जगदेव यादव रोज की तरह अपने खेत की रखवाली के लिए गए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने जब फोन किया तो संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद परिवार के लोग खेत की ओर पहुंचे, जहां उनका शव खून से लथपथ पड़ा मिला। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें



मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र विष्णु यादव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले की जांच में शुरुआत में थाना पयागपुर पुलिस और स्वाट टीम को लगाया गया, लेकिन 28 दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। इससे नाराज होकर पुलिस अधीक्षक बहराइच ने स्वाट टीम को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं, 14 मार्च को मामले की विवेचना थाना जरवल के प्रभारी संतोष कुमार सिंह को सौंप दी गई और 18 मार्च को तत्कालीन थाना प्रभारी संजय कुमार

# ईद पर खूनी संघर्ष, 2 सगे भाइयों की हत्या

## मेरठ में 5 की हालत गंभीर, लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में शनिवार रात मामूली कहासुनी को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। इसमें दो सगे भाइयों की हत्या हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। मरने वाले दोनों ग्राम प्रधान के भाई हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद से गांव में तनाव है। मेहरमती गणेशपुर में छोटा कब्रिस्तान के पास खेत में गांव के ही दो पक्ष जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनमें पहले नोकझोंक हुई। फिर खूनी संघर्ष हो गया। एक पक्ष ग्राम प्रधान सईदु का बताया जा रहा है। जिनमें खुद प्रधान सईदु (50) के भाई सईमुद्दीन (48) और भूरा (38) शामिल हैं। दूसरे पक्ष में चुन्नू (30) शामिल है। मारपीट

**बताया जा रहा है कि जुआ खेलने के दौरान झगड़ा हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। मौके पर 3 थानों की पुलिस फोर्स मौजूद है। एसएसपी अविनाश पांडेय भी मौके पर पहुंच गए हैं। मामला सरधना के गांव मेहरमती गणेशपुर का है।**


भूरा, मृतक
सईमुद्दीन, मृतक

में प्रधान के दोनों भाइयों भूरा और सईमुद्दीन की मौत हो गई है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया- दोनों पक्षों में पहले गाली-गलौज शुरू हुआ, फिर नोकझोंक होने लगी। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। इसके बाद दोनों पक्षों ने अपने-अपने लोगों को वहां बुला लिया।

### एसएसपी और एसपी देहात पहुंचे गांव

सूचना मिलते ही एसएसपी अविनाश पांडे और एसपी देहात अभिजीत कुमार गांव पहुंचे। उन्होंने वारदात वाली जगह का निरीक्षण किया। गांव के लोगों से भी बात की। फिलहाल सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है। 5 घायलों की हालत गंभीर बनी है। वारदात के बाद 3 थानों की फोर्स सरधना पहुंच गई।

### घायलों को सीएचसी लेकर भागे घरवाले

करीब 15 मिनट तक दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले, जिनमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घरवाले कुछ ग्रामीणों के साथ सभी घायलों को उठाकर अस्पताल की ओर भागे। यहां से कई लोगों की हालत गंभीर होने से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भूरा और सईमुद्दीन को मृत घोषित कर दिया गया।

**एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया- गांव महरमती गणेशपुर गांव में विवाद की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया, जिसमें दो लोगों की मौत हुई है, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घायलों का उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने तीन हमलावरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की है। अन्य की तलाश में दो टीमों को लगाया गया है।**

### मातम में बदली ईद की खुशियां

एक छोटे से विवाद ने इतना बड़ा रूप ले लिया। बताया जाता है कि ईद-उल-फितर को लेकर सभी के परिवारवाले बेहद खुश थे। सुबह से ही रिश्तेदारों का आना-जाना लगा था। सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच शाम को दोनों पक्ष जुआ खेलने बैठ गए। छोटा-सा विवाद हुआ और उसने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। मामला इतना बड़ा की लाठी-डंडों के अलावा धारदार हथियार भी चलने लगे। इससे कई लोग घायल हो गए।

## कार्यवाई : काशी में दौड़ाया तो लड़खड़ाकर गिरा, एडीएम से भिड़े स्टूडेंट

# बीएससी छात्र के हत्यारोपी को टांगकर कोर्ट ले गई पुलिस

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी के यूपी कॉलेज में छात्र के हत्यारोपी को शनिवार शाम कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान पुलिस को आशंका थी कि वकील और छात्र मंजीत की पिटाई कर सकते हैं। इसलिए पुलिस ने मंजीत को दौड़ाने की कोशिश की, लेकिन पैर टूटा होने की वजह से वह लड़खड़ा गया। इस पर पुलिसकर्मी उसे टांगकर कोर्ट रूम में ले गए। मंजीत को सीजेएम ने 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। पुलिस ने छात्र सूर्य प्रताप सिंह की हत्या


मंजीत सिंह आरोपी
सूर्य प्रताप मृतक

करने वाले मंजीत को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। हालांकि, मंजीत का साथ देने वाला उसका साथी अनुज सिंह अभी फरार है। धर, शनिवार को यूपी कॉलेज में सूर्य प्रताप की हत्या के खिलाफ धरना दे रहे छात्रों को समझाने एडीएम आलोक वर्मा पहुंचे।

### 20 दिन बाद शुक्रवार को कॉलेज पहुंचा था छात्र

छात्र सूर्य प्रताप सिंह के पिता ऋषि देव सिंह अतुलानंद स्कूल में ड्राइवर हैं। उनकी मां किरण सिंह अतुलानंद स्कूल में सहायिका हैं। सूर्य की दो बहनें हैं, एक की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी बहन अभी पढ़ रही है। सूर्य प्रताप को 20 दिन पहले चेचक निकल आई थी। इसके चलते वह कॉलेज नहीं आ रहा था। ठीक होने के बाद वह 20 मार्च को ही कॉलेज पहुंचा था। तभी उसकी हत्या कर दी गई।

### मंजीत बोला- छात्र रैगिंग करता था

कोर्ट में पेश करने से पहले पुलिस ने मंजीत चौहान से पूछताछ की। इस दौरान उसने बताया कि सूर्य प्रताप सिंह अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ रैगिंग करता था। मंजीत ने बताया– सूर्य प्रताप सिंह और उसके साथी अक्सर रैगिंग के नाम पर मुझे और मेरे दोस्तों को परेशान करते थे। हमारे साथ मारपीट करते थे। घटना वाले दिन 20 मार्च को भी कॉलेज परिसर में हमारे बीच कहासुनी हुई थी। रंजिश और गुस्से में आकर मैंने अपने साथी अनुज सिंह के साथ मिलकर प्रशासनिक भवन के पास सूर्य प्रताप पर 4–5 राउंड फायरिंग कर दी।



### क्राइम सीन और बाद का घटनाक्रम

सुबह के 11 बज रहे थे। छात्र अपनी-अपनी क्लास में पढ़ाई कर रहे थे। तभी कॉलेज परिसर में बीएससी छात्र सूर्य प्रताप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीए सेकेंड ईयर के छात्र मंजीत सिंह चौहान ने प्रिंसिपल और छात्रों के सामने फिल्मी स्टाइल में गोली मारी। एक छात्र ने लाइव वारदात का वीडियो रिकॉर्ड किया। हत्या के बाद आरोपी पिस्टल कूड़े के ढेर में फेंककर फरार हो गया। इसके बाद सभी के सामने एक सवाल था- मंजीत ने सूर्य को क्यों मार डाला? बताया गया कि हॉस्टल में सूर्य सीनियर छात्रों को बुलाता था। जूनियर छात्रों की रैगिंग करता था।

# ईद मिलन समारोह में गूंजी इंसानियत और एकता की आवाज

तमसा संकेत, एजेंसी

सूरतगंज (बाराबंकी)। तहसील फतेहपुर क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा अंतर्गत भटुवामऊ में शनिवार शाम आयोजित ईद मिलन समारोह में सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता का संदेश प्रमुखता से उभरा। यह कार्यक्रम सैम खान फाउंडेशन और वर्क फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में व्हाइट हाउस परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैम खान फाउंडेशन के संस्थापक एवं फिल्म डायरेक्टर सैम खान ने कहा कि हमें जाति, धर्म, मत और मजहब से ऊपर उठकर मानवता के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे इस्लाम धर्म ग्रंथ हो या सनातन धर्म, सभी में एक ही मूल संदेश दिया गया है—मानव कल्याण ही सच्ची सेवा है। उन्होंने लोगों से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे



आने की अपील करते हुए कहा कि जब तक हम इंसानियत को प्राथमिकता नहीं देंगे, तब तक समाज में वास्तविक एकता स्थापित नहीं हो सकेगी। सैम खान ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में आपसी मतभेद लोगों को दूर कर रहे हैं, जिन्हें समाप्त कर एकजुटता की दिशा में कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्क फाउंडेशन इसी उद्देश्य के साथ कार्य कर रही है और अधिक से अधिक लोगों से जुड़कर समाज उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वर्क फाउंडेशन के सदस्य मोहम्मद आसिफ ने कहा कि जब हम सत्य और मानवता के मार्ग पर चलेंगे, तभी समाज कलयुग से सतयुग की ओर अग्रसर होगा। वहीं, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला महामंत्री दीपक सिंह 'सरल' ने अपने संबोधन में इस्लाम धर्म की मूल भावना को समझने पर जोर दिया। उन्होंने हजरत मोहम्मद साहब का एक प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने प्रति अपमानजनक व्यवहार करने वाली महिला की बीमारी में सहायता कर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने सैम खान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज को सही दिशा देने का काम करते हैं। उनके द्वारा प्रस्तुत पंक्तियां ₹सफर में मुश्किलें आए तो जुर्रत और बढ़ती है, कोई जब रास्ता रोके तो हिम्मत और बढ़ती है₹— पर उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी वीरेंद्र सिंह ने कुशलतापूर्वक किया।

# दिन में विरोध, रात में योगी से माफी मांगकर कहते हैं- हम आपके साथ
# सपा तो भाजपा की बी टीम है : राजभर

**विरोध**

तमसा संकेत, एजेंसी

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने कहा- सपा तो भाजपा की B टीम है। सपा नेता बस दिखावे के लिए विरोध करते हैं। सामने से भाजपा का विरोध करते हैं, पर पीछे से भाजपा को ही समर्थन करते हैं।

दिन में चिल्लाते हैं, पर रात में सीएम योगी को गुलदस्ता देकर, हाथ जोड़कर बोलते हैं- क्षमा कीजिएगा, दिन में बोल लेने दीजिए, रात में तो हम आपके ही साथ हैं।

राजभर ने कहा- जहां जाए दुल्हा रानी... वहां गिरे पाथर-पानी...। ये मध्य प्रदेश गए थे, वहां सिर्फ भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई थी, तो इन्होंने कहा था- कांग्रेस को वोट



मत दीजिएगा, इसने हमारी पार्टी को धोखा दिया, आपको भी देगी। इनका मतलब था भाजपा को जिता दो, पर कांग्रेस को वोट मत देना।

उत्तराखंड में चुनाव के दौरान कांग्रेस और सपा का अलायंस था। कांग्रेस प्रत्याशी 200 वोट से हार गया, जबकि सपा प्रत्याशी को 2 हजार वोट मिले। तभी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने खुद कहा था- सपा तो भाजपा की बी पार्टी है।

हाल ही में एक कार्यक्रम में आपने अखिलेश यादव और भाजपा के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा को एक ही मंच से बोलते हुए देखा होगा। अब आप खुद ही समझ लीजिए कि हकीकत क्या है।

मथुरा में फरसा बाबा की मौत को लेकर उठ रहे सवालों पर राजभर ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह हत्या नहीं, बल्कि सड़क हादसा था। जिसमें पीछे से वाहन की टक्कर लगी थी। जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने भी यही तथ्य सामने रखे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैबिनेट मंत्री लालजी भुल्लर के खिलाफ एफआईआर कराकर बहुत अच्छा कदम उठाया है।

## भगवंत मान की प्रशंसा की

पंजाब में कैबिनेट मंत्री लालजी भुल्लर के खिलाफ एफआईआर के मुद्दे पर राजभर बोले- चाहे कोई भी प्रदेश हो, अगर कोई मंत्री, विधायक या सांसद गलत कामों में लिप्त होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैबिनेट मंत्री लालजी भुल्लर के खिलाफ एफआईआर कराकर बहुत अच्छा कदम उठाया है।

■ राजभर भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे।

## गंगा में बिरयानी खाने वालों पर कार्रवाई विपक्ष को चुभ रही

वाराणसी में गंगा नदी में इफ्तार पार्टी करने के विवाद पर कहा- अखिलेश सरकार में पैसे पर काम होता था। आपने कभी सुना था कि गंगा में रोजा-इफ्तार हुआ। पर अब कानून का राज है। कानून अपना काम कर रहा है, तो इनको बुरा लग रहा है। विपक्ष को इस बात पर आपत्ति नहीं कि वे शरारती तत्व गंगा में बिरियानी खा रहे थे।



■ राजभर भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे।

## कांग्रेस अपने 60 साल का हिसाब रखे

*राहुल गांधी तो बस भाजपा पर आरोप लगाना जानते हैं। हालांकि इन दिनों वे घूम-घूमकर एक सच्ची बात कह रहे हैं, जिसका मैं भी समर्थन करता हूं, कि कांग्रेस की सत्ता 60 साल तक रहीं, पर दलितों-पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की दुर्गति हुई। मैं मानता हूं कि ये यही है। पर हम तो सिर्फ 9 साल से हैं। 60 साल तो देश पर आपने ही राज किया।*

# गैस सिलेंडर लेने को आए दिन उमड़ रही भीड़

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र स्थित आस्था इंडिया गैस एजेंसी पर इन दिनों गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही एजेंसी परिसर के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जहां लोग अपने घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर सिलेंडर ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार एजेंसी द्वारा गैस वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के तहत की जा रही है। प्रत्येक उपभोक्ता को गैस सिलेंडर देने से पहले उनका केवाईसी (KYC) सत्यापन किया जा रहा है, साथ ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी (OTP) की पुष्टि भी अनिवार्य की जा रही है। बिना ओटीपी सत्यापन के किसी को भी गैस नहीं दी जा रही है, जिससे पारदर्शिता बनी हुई है। आस्था इंडिया गैस एजेंसी मैनेजर राहुल



तिवारी ने बताया शासन के निर्देशों का पालन करते हुए यह प्रक्रिया अपनाई गई है, ताकि गैस वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और वास्तविक उपभोक्ताओं को ही लाभ मिल सके। हालांकि, भीड़ अधिक होने के कारण लोगों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अधिकांश उपभोक्ता व्यवस्था को सही ठहरा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि केवाईसी और ओटीपी प्रक्रिया के चलते समय अधिक लग रहा है, जिससे कतारें लंबी हो रही हैं बाकी गैस की कोई दिक्कत नहीं है।

**फास्ट न्यूज**

## मंत्री निषाद मंच पर फूट-फूट कर रोए

गोरखपुर। गोरखपुर में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद मंच पर फूट-फूट कर रोए। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों का वोट छीना जा रहा है। हमारी बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। हमें मजबूत होना होगा। आप सभी से इतना कहूंगा कि अपनी निषाद पार्टी के लिए खड़े हो जाओ। अपनी पार्टी को मजबूत करो। इससे पहले संजय निषाद ने रविवार को 2027 विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया।

## मीटर बदलने पहुंची टीम तो हंगामा

प्रयागराज। प्रयागराज के दरियाबाद में बिजली विभाग की टीम और स्थानीय निवासियों के बीच मीटर चेकिंग के दौरान विवाद हो गया। विभाग की टीम बकाया बिल वसूली और चेकिंग के लिए पहुंची थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस और तीखी नोकझोंक हुई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की टीम पर जबरन पैसे वसूलने का आरोप लगाया है। बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मीटर चेकिंग और लंबे समय से लंबित बिजली बिलों की वसूली के लिए क्षेत्र में गए थे। बिजली विभाग के कर्मचारी एक व्यक्ति के घर के बाहर खड़े हैं।

## महिला की मौत के बाद कपल पर केस

प्रयागराज। प्रयागराज में महिला की मौत के जिम्मेदार कपल पर 13 महीने बाद एफआईआर दर्ज हुई है। गलत ऑपरेशन कर 25 साल की महिला को मौत के मुंह में धकेलने का आरोप उस कपल पर है जो झोलाछाप है और फर्जी तरीके से क्लीनिक का संचालन करता था। महिला का पति लगातार थाने व अफसरों के कार्यालयों के चक्कर काटता रहा।

# निर्माणाधीन मकान की छत गिरी, आधा दर्जन घायल



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा के मांट थाना क्षेत्र के गांव जावरा में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब निर्माणाधीन मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में राजमिस्त्री समेत करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना पपरेला रोड स्थित सिंह के निर्माणाधीन मकान की बताई जा रही है। उस समय मजदूर और राजमिस्त्री छत डालने का काम कर रहे थे, तभी अचानक छत गिर गई। छत के साथ लोहे के गाटर और पत्थरों का मलबा भी नीचे आ गिरा, जिससे कई लोग उसके नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घायलों में सोनवीर पुत्र राजपाल, गुड्डा पुत्र पन्नालाल, भूप सिंह पुत्र पप्पू, सोनू पुत्र जयशंकर (निवासी देह मांट), महेंद्र फौजी पुत्र तोताराम (निवासी जावरा) तथा मकान मालिक की 6 वर्षीय बेटी जिया शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में से दो मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए वृंदावन स्थित ब्रज हेल्थ केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# प्रेमिका से मिलने गए पूर्व प्रधान की हत्या
## 18 बच्चों के पिता की बोरे में भरकर फेंकी लाश, दो शादियां की थी

■ पूर्व प्रधान मुस्तका गुलशन उर्फ मुन्ना 18 मार्च की शाम से लापता था। 22 मार्च को नहर किनारे शव मिला।

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में प्रेमिका से मिलने गए पूर्व प्रधान की हत्या कर दी गई। शव को बोरे में भरकर नहर किनारे फेंक दिया गया। विवाहिता 18 मार्च को मायके आई थी। महिला पूर्व प्रधान प्रेमी को मिलने के लिए बुलाया। मुलाकात के दौरान भाई के साथ मिलकर रॉड से हमला कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बोरे में भरकर नहर किनारे फेंक दिया गया। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद मोबाइल सर्विलांस की मदद से 21



पूर्व प्रधान मुस्तका गुलशन, मृतक

मार्च को महिला तक पहुंच बनाई। पूछताछ में प्रेमिका ने हत्या की बात कबूल कर ली। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पहुंचकर खोजबीन की, जहां नहर किनारे बोरे में शव बरामद हुआ। पूर्व प्रधान 18 बच्चे का पिता था। मामला मांधाता कोतवाली क्षेत्र का है। सुमेरपुर गांव में पूर्व प्रधान मुस्तका गुलशन उर्फ मुन्ना (50) अपने परिवार के साथ रहते थे। पूर्व प्रधान 2016 में मिश्रपुर गांव का प्रधान थे। 2021 में चुनाव हार गए थे। मुस्तका गुलशन 18 मार्च को घर से बाइक लेकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट मांधाता कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा खोजबीन के दौरान आज उसका शव नहर से बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी सुमन गौतम को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मुस्तका गुलशन का इलाके की एक विवाहित महिला सुमन गौतम से लंबे समय से प्रेम संबंध था। मृतक महिला पर मिलने का दबाव बना रहा था और कथित रूप से ब्लैकमेल भी कर रहा था, जिससे परेशान होकर महिला ने हत्या की साजिश रची। 18 मार्च की रात मुस्तका अपनी प्रेमिका से मिलने उसके मायके जेठवारा बगियापुर पहुंचा, जहां सुमन गौतम ने अपने भाई अतुल गौतम और उसके दोस्त अरुण गौतम के साथ मिलकर रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी। मृतक मुस्तका गुलशन ने दो शादियां की थीं। उसकी पहली पत्नी किस्मतुल निशा और दूसरी पत्नी अम्बिया बानो हैं।

### प्रेमिका अपने भाई और दोस्त संग की हत्या

अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल ने बताया कि पूर्व प्रधान का अवैध संबंध था। इसी संबंध के चलते विवाहिता प्रेमिका ने अपने भाई और उसके दोस्त के साथ मिलकर हत्या कराई। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुख्य आरोपी हिरासत में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।





प्रेमिका ने बुलाकर हत्या कर दी

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मुस्तका गुलशन का इलाके की एक विवाहित महिला सुमन गौतम से लंबे समय से प्रेम संबंध था। मृतक महिला पर मिलने का दबाव बना रहा था और कथित रूप से ब्लैकमेल भी कर रहा था, जिससे परेशान होकर महिला ने हत्या की साजिश रची। 18 मार्च की रात मुस्तका अपनी प्रेमिका से मिलने उसके मायके जेठवारा बगियापुर पहुंचा, जहां सुमन गौतम ने अपने भाई अतुल गौतम और उसके दोस्त अरुण गौतम के साथ मिलकर रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

# रिटायर आईएएस के बंद घर से चोरी
## दो बार पहले भी चोरी का प्रयास किया, अब तीसरी बार बाथरूम की खिड़की काटकर घुसे

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर चकेरी के कृष्णापुरम में शातिर चोरों ने एक रिटायर आईएएस के बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों का माल उड़ा दिया। चकेरी पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। रिटायर आईएएस लखनऊ में रहते हैं, लेकिन उनका कृष्णापुरम में भी एक मकान है। केयर टेकर पहुंचा तो उसे चोरी की जानकारी हुई।

इसके बाद चकेरी थाने की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और अब सीसीटीवी की मदद से शातिर चोरों की तलाश में जुटी है। चकेरी पुलिस ने रविवार को मामले में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से शातिर चोरों की तलाश की जा रही है। चोरी में कुछ भी कीमती सामान नहीं गया है।



अब उनके कानपुर आने के बाद ही साफ हो सकेगा कि कुल कितने की चोरी हुई है। रिटायर आईएएस ऑफिसर के केयर टेकर मोनू रस्तोगी ने बताया कि दो बार पहले भी मकान में चोरी का प्रयास किया जा चुका है। इस संबंध में चोरी थाने और चौकी में सूचना दी थी, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। इसके चलते शातिर चोरों के हौसले और बढ़ गए और तीसरी बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

### आलमारी का लॉक नहीं तोड़ सके चोर, लाखों की चोरी होते बची

आकाश एन्क्लेव वृंदावन सोसायटी लखनऊ में रहने वाले रिटायर आईएएस राजीव शर्मा का कृष्णापुरम चकेरी कानपुर के एचएच-34 में भी मकान हैं। राजीव शर्मा के मुताबिक उन्होंने अपने मकान की देखभाल करने के लिए केयर टेकर मधु गुप्ता और मोनू रस्तोगी को रखा है। 19 मार्च को मानू रस्तोगी ने उन्हें कॉल पर बताया कि वह घर में आए थे और शाम 6:30 बजे के बाद चले गए थे। अगले दिन घर पर आए तो उन्होंने देखा कि घर के पीछे बाथरूम की जाली टूटी हुई थी।

घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था जांच में सामने आया कि चोरों ने घर में घुसकर पीतल का जग, गैस के दो बर्नर, मटके में रखे करीब 5000 रुपए मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोरों ने मुख्य दरवाजे की कुंडी तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन असफल रहने पर पीछे से घुसपैठ की। इतना ही नहीं, चोरों ने अलमारी खोलने की भी कोशिश की, लेकिन चाबी फंसी होने के कारण उसमें सफल नहीं हो सके। घर में लगे इन्वर्टर में भी तोड़फोड़ के निशान मिले हैं, जिससे साफ है कि चोर काफी देर तक अंदर मौजूद रहे।

# आकाश चौधरी बने भाजपा के जिला महामंत्री, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। संघर्ष और मजबूत संगठनात्मक क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले युवा नेता आकाश चौधरी को भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए मथुरा जिले का जिला महामंत्री नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को कार्यकर्ताओं के सम्मान और संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आकाश चौधरी ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत वर्ष 2006 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) से छात्र नेता के रूप में की थी। छात्र राजनीति में उन्होंने नगर मंत्री से लेकर प्रदेश सह मंत्री तक विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। मथुरा की छात्र राजनीति में वे एक प्रभावशाली और सक्रिय नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। अपने संगठनात्मक जीवन में उन्होंने शिक्षा के



व्यवसायीकरण और बांग्लादेशी घुसपैठ जैसे मुद्दों पर मुखर होकर आवाज उठाई तथा विभिन्न हिंदू आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई। समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान उन्होंने कई कथित घोटालों को उजागर करते हुए प्रशासन को चुनौती दी और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष किया। भाजपा संगठन में भी उन्होंने ब्रज क्षेत्र में विभिन्न मोर्चों पर अपनी दक्षता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उनकी नियुक्ति से जिले के युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपनी नियुक्ति पर आकाश चौधरी ने प्रदेश, क्षेत्रीय व जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डेय सहित संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा को युवाओं के बीच मजबूती से पहुंचाने का कार्य करेंगे और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विधायक राजेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, पूर्व प्रांत प्रमुख ABVP राकेश चतुर्वेदी सहित अनेक भाजपा नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही विभिन्न जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से लगातार बधाई संदेश भेजे जा रहे हैं।

# पृष्ठ 01 का शेष...

## नोएडा एयरपोर्ट ...

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अहम परियोजनाओं में से है। इसके निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय से लगातार निगरानी होती रही है। नवंबर और दिसंबर में मुख्यमंत्री ने जेवर पहुंचकर एयरपोर्ट के निर्माण कार्य की समीक्षा एवं भौतिक निरीक्षण किया था। इस दौरान केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू ने भी एयरपोर्ट पहुंचकर निरीक्षण किया था। उद्घाटन की तिथि तय होते ही मुख्यमंत्री का नोएडा एयरपोर्ट का कार्यक्रम भी तय हो गया। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री के मंच, सुरक्षा घेरे, आमजनों के बैठने के स्थान, वीवीआईपी और वीआईपी गैलरी, पुलिस की सुरक्षा घेरे समेत अन्य तैयारियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। पॉवर प्रजेंटेशन के जरिए डीएम मेधा रूपम ने मुख्यमंत्री के सामने सारी तैयारियों का खाका प्रस्तुत किया। सीएम को बताया गया कि चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश के सभी मार्गों की जानकारी ली। इसके साथ साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, परिवहन सुविधा, अग्नि सुरक्षा, चिकित्सा सेवाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जनसभा में पेयजल सुविधा के साथ ही पार्किंग में भी पीने के पानी की सुविधा और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए हैं। पॉवर प्रजेंटेशन देखने के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ गोपनीय बैठक की। इसमें अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह, मंडलायुक्त मेरठ मंडल भानु चंद्र गोस्वामी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम, विशेष सचिव मुख्यमंत्री ईशान प्रताप सिंह, नोएडा एयरपोर्ट के नोडल अफसर शैलेन्द्र भाटिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गोपनीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आगामी समारोह के लिए विभिन्न दिशा निर्देश दिए।

## मोदी की पश्चिम ...

रूस से भी एक जहाज क्रूड लेकर भारत आया। पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंच चुके हैं। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी 2026 को ईरान पर हमला किया, जिसमें कई सैन्य और परमाणु ठिकाने निशाना बने। इस ऑपरेशन में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई मंत्री-अधिकारी मारे गए। अमेरिका ने इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया। युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट से आपूर्ति बाधित हुई। यहां से भारत का 80-85% LPG आयात होता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा LPG आयातक है। देश की 60% से ज्यादा LPG बाहर से आती है। इसी के कारण भारत में LPG किल्लत जैसे हालत बने, लेकिन भारत सरकार ने लगातार लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि देश में LPG और तेल की कोई कमी नहीं है। होर्मुज स्ट्रेट करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहे। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं।

## मोदी जी अब झोला ...

ये सामान्य पेट्रोल के मुकाबले करीब 10-12 रुपए महंगा होता है। इंडियन ऑयल ने अपने इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत में भी 25% की बढ़ोतरी की गई। इसके दाम 87.67 प्रति लीटर से बढ़कर अब 109.59 प्रति लीटर हो गए। औद्योगिक डीजल के खरीदारों में रेलवे, रोडवेज बसें, बड़ी फैक्ट्रियां, अस्पताल और बड़े मॉल शामिल हैं। तेल कंपनियां ये डीजल टैंकरों के जरिए सीधे इन संस्थानों के निजी स्टोरेज टैंकों में भेजती हैं।

## सोनम वांगचुक 6 ...

हमें उम्मीद है कि सभी तरफ से ऐसा ही माहौल बनेगा और मैं पूरे देश के उन लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, जिन्होंने इस संघर्ष में हमारा साथ दिया। मैं लोगों से मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। वांगचुक ने जेल के समय को कठिन अनुभव बताते हुए कहा कि हिरासत का समय आत्ममंथन का अवसर था। वहीं, इस दौरान मेरी पत्नी गीतांजली को कानूनी लड़ाई में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दरअसल, केंद्र ने 14 मार्च को लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट (NSA) हटाया था। पिछले साल लद्दाख में उनके अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह में हिंसा हुई थी। दो दिन बाद 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें फौरन जोधपुर शिफ्ट कर दिया था। 170 दिन से वे जोधपुर जेल में थे। NSA सरकार को ऐसे लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार देता है, जिनसे देश की सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा हो। इसके तहत किसी व्यक्ति को अधिकतम 12 महीने तक नजरबंद रखा जा सकता है। केंद्र ने 14 मार्च को लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट (NSA) हटाया था। सरकार ने कहा कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, सोनम ने NSA एक्ट के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर लिया है। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे सोनम की पत्नी गीतांजलि जोधपुर जेल पहुंचीं। कागजी कार्रवाई पूरी की गई। दोपहर करीब सवा एक बजे वांगचुक पत्नी के साथ एक निजी गाड़ी से जेल से निकले थे। सरकार ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में वांगचुक की याचिका पर अंतिम सुनवाई (17 मार्च) के दो दिन पहले लिया। कोर्ट सुनवाई के दौरान वे वीडियो और फोटो देखेगा, जिनके आधार पर सरकार ने उन पर NSA लगाया था। सोनम को 26 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत हिरासत में लिया गया था। वह लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। आंदोलन के दौरान हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद उनकी गिरफ्तारी की गई थी। इन प्रदर्शनों में 4 लोगों की मौत हुई थी। 90 लोग घायल हुए थे। सरकार का आरोप है कि वांगचुक ने इस हिंसा को भड़काया। वांगचुक का जन्म 1966 में लेह जिले के अल्ची के पास, लद्दाख में हुआ था। उनके गांव में स्कूल न होने के कारण 9 साल की उम्र तक उनका किसी स्कूल में दाखिला नहीं हुआ। इस दौरान उनकी मां ने उन्हें बुनियादी शिक्षा दी। 9 साल की उम्र में उन्हें श्रीनगर ले जाया गया और वहां एक स्कूल में दाखिला दिलाया गया। बाद में दिल्ली के विशेष केंद्रीय स्कूल में भी उन्होंने पढ़ाई की। फिर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी NIT, श्रीनगर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में BTech किया। इंजीनियरिंग के बाद वांगचुक ने साल 1988 में अपने भाई और पांच साथियों के साथ मिलकर स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख यानी SECMOL की शुरुआत की। इसका उद्देश्य लद्दाख के सरकारी स्कूलों की शिक्षा में सुधार लाना है। इसके लिए लद्दाख के सासपोल में मौजूद सरकारी हाई स्कूल में स्कूल सुधार के प्रयोग किए गए। इसके बाद, SECMOL ने 'ऑपरेशन न्यू होप' की शुरुआत की। इसके तहत सरकारी स्कूलों में एजुकेशन रिफॉर्म और लोकलाइज्ड टेक्स्टबुक्स, टीचर्स की ट्रेनिंग और गांव-स्तरीय शिक्षा समितियों के गठन की पहल शुरू की गई।

## केकेआर के पेसर इंजरी के कारण नहीं खेलेंगे, मेगा ऑक्शन में एक करोड़ में खरीदा था

# आकाश दीप आईपीएल 2026 से बाहर हुए

**झटका**

नई दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) को IPL 2026 से पहले एक और झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। शनिवार को क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज को फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की 29 साल के बंगाल के इस गेंदबाज को पिछले साल अबू धाबी में हुए मेगा ऑक्शन में 1 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर टीम ने खरीदा था। हालांकि, वह अब तक टीम कैंप से नहीं जुड़े हैं। आकाश दीप बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में रिहैब कर रहे हैं। उनकी चोट किस तरह की है, यह साफ नहीं हो सका है, लेकिन मैनेजमेंट और फ्रेंचाइजी के बीच इसको लेकर बातचीत हुई है।



16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। 13 मार्च को KKR ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने उन्हें बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया है। रहमान को BCCI के निर्देश के बाद फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया था। 16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

### हर्षित राणा भी बाहर हुए

KKR के लिए यह चिंता बढ़ाने वाली खबर है, क्योंकि इससे पहले हर्षित राणा और मथीशा पथिराना को लेकर भी टीम को अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से क्लियरेंस मिलना बाकी है। टीम ने 18 मार्च से कोलकाता में कैंप शुरू किया है, लेकिन आकाश दीप इसमें शामिल नहीं हो पाए।

### केकेआर को पथिराना के फिट होने की उम्मीद

श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी चोट के कारण फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि KKR उन्हें रिप्लेस नहीं करना चाहती क्योंकि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वे IPL के दौरान किसी समय टीम से जुड़ सकते हैं। KKR ने मेगा ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। सोमवार को उनके मैनेजर ने KKR जर्सी में उनकी तस्वीर साझा की, जिससे उनके टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद बढ़ गई है। 16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।



आकाश दीप ने IPL के 14 मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं।



16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

# जीशान ने ईशान को आउटकर बाहर जाने का इशारा किया

## चार गेंद में 20 रन खाने के बाद विकेट लिया, किशन मुस्कुराते हुए लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी

IPL 2026 की शुरुआत 28 मार्च से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनिंग मैच के साथ होने वाली है। इससे पहले अब बीते शनिवार यानी 21 मार्च को हैदराबाद ने एक प्रैक्टिस मैच भी खेला। इस मैच में गेंदबाज जीशान अंसारी ने अपने स्टेंड इन कप्तान ईशान किशन को आउट कर उंगली उठाकर उन्हें बाहर जाने का इशारा किया। इसका वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, ईशान किशन हंसते हुए बाहर चले गए। दरअसल, यह घटना दूसरी पारी के 8वें ओवर में हुई, जिसे 26 साल के लेग स्पिनर जीशान अंसारी गेंदबाजी कर रहे थे। ईशान किशन ने ओवर की शुरुआती चार गेंदों पर दो छक्के और दो चौके जड़कर 20 रन बना लिए। हालांकि,



अगली ही गेंद पर जीशान अंसारी ने उन्हें डीप स्क्वायर लेग पर कैच आउट करा दिया। ईशान किशन का विकेट लेने के बाद जीशान अंसारी ने उंगली से इशारा करते हुए उन्हें मैदान से बाहर जाने का संकेत दिया। इस दौरान जीशान थोड़े गंभीर नजर आए, जबकि ईशान किशन उनके इस इशारे पर मुस्कुराते हुए पवेलियन लौट गए। ईशान किशन को नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि अभिषेक शर्मा को उपकप्तान बनाया गया है। पैट कमिंस इंजरी से रिकवर कर रहे हैं। ऐसे में वह शुरुआती कुछ मैच हैदराबाद के लिए IPL 2026 में मिस करेंगे। कमिंस चोट की वजह से टी-20 वर्ल्ड कप से भी बाहर थे। ईशान किशन और अभिषेक शर्मा हाल ही में भारतीय टीम के साथ टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर आ रहे हैं। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीता था। पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, शिवांग कुमार, सलिल अरोड़ा, ओंकार तरमाले, साकिब हुसैन, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंज, अमित कुमार, लियाम लिविंगस्टन, अमित कुमार।

# वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में अमेरिका के जॉर्डन एंथनी का गोल्ड

## 60 मीटर की दौड़ 6.41 सेकंड में पूरा किया, नौ महीने पहले फुटबॉल छोड़ा

■ जॉर्डन एंथनी ने 6.41 सेकंड में 60 मीटर दौड़ जीती, जो इतिहास का चौथा सबसे तेज समय है।

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रैक एंड फील्ड की दुनिया में एक नई स्प्रिंट सनसनी उभरकर सामने आई है। अमेरिका के 21 वर्षीय जॉर्डन एंथनी ने वर्ल्ड इंडोर चैम्पियनशिप की 60 मीटर दौड़ में गोल्ड जीतकर न सिर्फ इतिहास रचा, बल्कि अपनी संघर्ष भरी कहानी से सभी को प्रेरित भी किया। एंथनी ने 6.41 सेकंड का समय निकाला, जो इतिहास का चौथा सबसे तेज समय है। रेस से सिर्फ 36 घंटे पहले उन्हें गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा था। पोलैंड पहुंचने के बाद डोप टेस्ट के दौरान एक अधिकारी ने जब खून लिया तो सुई नस में नहीं लगी, बल्कि





बाहर लग गई, जिससे उनके हाथ में ब्लड क्लॉट हो गया। वे अपना हाथ ठीक से हिला भी नहीं पा रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और दर्द के साथ ही मैदान में उतरने का फैसला किया। रोमांचक फाइनल में कांटे की टक्कर दिखी। जमैका के किशाने थॉम्पसन ने 6.45 सेकंड के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि अमेरिका के ट्रेवॉन ब्रोमेल ने भी 6.45 सेकंड के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। इसका फैसला फोटो फिनिश से हुआ। ब्रिटेन के जेरमायाह अजू महज 0.01 सेकंड से मेडल से चूक गए। एंथनी 100 मीटर के ओलिंपिक चैम्पियन नोआ लायल्स के ट्रेनिंग ग्रुप का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, 'मैं दूसरों की रेस देखता हूं।

### नौ महीने पहले फुटबॉल छोड़कर चुना एथलेटिक्स

जॉर्डन एंथनी की कहानी और भी खास इसलिए है क्योंकि उन्होंने महज नौ महीने पहले ही पेशेवर एथलेटिक्स में कदम रखा है। इससे पहले वे कॉलेज फुटबॉल में अर्कांसस रेजरबैक्स टीम से खेलते थे। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने एनएफएल का सपना क्यों छोड़ा, तो उन्होंने साफ कहा, 'क्योंकि यहां कोई मुझे टक्कर मारने के लिए मेरी तरफ नहीं दौड़ रहा है।'

## ऐसा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं, 65 गेंद पर 111 रन बनाकर नॉटआउट रहीं

# रवांडा की फैनी ने टी-20 डेब्यू में लगाया शतक

नई दिल्ली, एजेंसी

रवांडा की 15 साल की फैनी उतागुशिमानिंदे ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू मैच में शतक लगाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने नाइजीरिया इनविटेशनल महिला टी-20 टूर्नामेंट में घाना के खिलाफ 65 गेंद में नाबाद 111 रन बनाए। टी-20 डेब्यू मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने का 19 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। डेब्यू मैच में शतक लगाने का कारनामा पुरुष टी-20 इंटरनेशनल में अब तक चार बल्लेबाजों ने किया है, लेकिन इनमें से कोई भी भारत, ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड जैसे 'फुल मेंबर' देशों से नहीं है। पुरुषों में डेब्यू पर सबसे बड़ा स्कोर कनाडा के



मैथ्यू स्पूर्स (108* रन) के नाम है। वहीं, सबसे युवा पुरुष सेंचुरी मेकर फ्रांस के गुस्ताव मैककॉन (18 साल 280 दिन) हैं। फैनी ने इन सभी को उम्र के मामले में पीछे छोड़ दिया है।

**फैनी ने महिला टी-20 डेब्यू में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 19 साल पहले बने इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है। 2005 में ऑस्ट्रेलिया की कैरेन रोलटन ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में नाबाद 96 रन बनाए थे।**

### रवांडा ने 122 रनों से जीता मुकाबला

फैनी की शतकीय पारी की बदौलत रवांडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 210 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। फैनी के बाद टीम के लिए मरवेइल उवासे ने 19 गेंदों में 32 रन बनाए। खास बात यह रही कि घाना की टीम ने 25 वाइड समेत कुल 28 रन एक्स्ट्रा के रूप में दिए। जवाब में घाना की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 88 रन ही बना सकी और रवांडा ने यह मैच 122 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया।

### सबसे कम उम्र में शतक का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया

फैनी ने न सिर्फ डेब्यू पर शतक का रिकॉर्ड बनाया, बल्कि वे महिला टी-20 इंटरनेशनल में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बन गई हैं। शतक पूरा करते समय उनकी उम्र 15 साल 223 दिन थी। इससे पहले यह रिकॉर्ड युगांडा की प्रोस्कोविया अलाको के नाम था, जिन्होंने 2019 में माली के खिलाफ 16 साल 233 दिन की उम्र में 116 रन बनाए थे।

### पुरुष क्रिकेट में भी किसी फुल मेंबर देश के खिलाड़ी ने नहीं किया ऐसा

डेब्यू मैच में शतक लगाने का कारनामा पुरुष टी-20 इंटरनेशनल में अब तक चार बल्लेबाजों ने किया है, लेकिन इनमें से कोई भी भारत, ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड जैसे 'फुल मेंबर' देशों से नहीं है। पुरुषों में डेब्यू पर सबसे बड़ा स्कोर कनाडा के मैथ्यू स्पूर्स (108* रन) के नाम है। वहीं, सबसे युवा पुरुष सेंचुरी मेकर फ्रांस के गुस्ताव मैककॉन (18 साल 280 दिन) हैं। फैनी ने इन सभी को उम्र के मामले में पीछे छोड़ दिया है।

**मनोरंजन**



## स्क्रिप्ट में बदलाव और एक्टर प्रशांत तमांग के निधन से हो रही है देरी

# सलमान खान की फिल्म मातृभूमि की रिलीज डेट टली

मुंबई, एजेंसी

सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' की रिलीज डेट फिलहाल टाल दी गई है और स्क्रिप्ट में कुछ बदलावों के कारण फिल्म आगे बढ़ाई गई है। ऐसा दावा इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में किया गया है। देरी की एक बड़ी वजह एक्टर-सिंगर प्रशांत तमांग का अचानक निधन भी बताई गई है। हालांकि, अभी तक मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट में कोई बदलाव नहीं किया है। बता दें कि फिल्म की रिलीज 17 अप्रैल को तय की गई थी। रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े एक सूत्र के हवाले से



बताया गया कि इंडियन आइडल 3 के विनर और एक्टर प्रशांत तमांग को मेन विलेन के रोल के लिए साइन किया गया था और उन्होंने कई अहम सीन की शूटिंग भी पूरी कर ली थी। हालांकि, इस साल जनवरी में उनके निधन से पहले कुछ अहम सीन की शूटिंग बाकी थी।

> सूत्र ने बताया, 'टीम के कुछ शेड्यूल तय थे, जिनमें प्रशांत को बेहद अहम सीन शूट करने थे। उनके जाने के बाद टीम गहरे संकट में है।' हालांकि, मेकर्स ने शुरू में उनके सीन रीशूट करने के बारे में सोचा था, लेकिन फिलहाल यह मुमकिन नहीं लग रहा है। सूत्र ने कहा, 'क्लोज-अप शॉट्स मैनेज किए जा सकते हैं, लेकिन वह एक बड़े एक्शन सीक्वेंस का भी हिस्सा थे। यह न सिर्फ आर्थिक रूप से मुश्किल होगा बल्कि लॉजिस्टिक तौर पर भी मुश्किल होगा।'

### सलमान की डेट्स भी उपलब्ध नहीं हैं

इसके अलावा सूत्र ने बताया कि सलमान खान की डेट्स उपलब्ध नहीं हैं और उनके लुक की कंटिन्यूटी भी मुश्किलें बढ़ा रही हैं, जिससे टीम के लिए हालात और ज्यादा चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं। इस साल जनवरी में उनके निधन से पहले कुछ अहम सीन की शूटिंग बाकी थी।

# शकीरा का इंडिया कॉन्सर्ट पोस्टपोन

## ईरान-इजराइल तनाव के कारण फैसला

मुंबई, एजेंसी

ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा का अप्रैल में होने वाला 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' फिलहाल टाल दिया गया है। ऑर्गनाइजर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और ईरान-इजराइल युद्ध की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अभी तक कॉन्सर्ट की नई तारीखों का एलान नहीं किया गया है। शकीरा का मुंबई में 10-11 अप्रैल और दिल्ली में 15 अप्रैल को परफॉर्म करने का शेड्यूल था। इससे पहले अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट का कॉन्सर्ट भी भारत में दो महीने के लिए आगे बढ़ा दिया



गया था। कॉन्सर्ट ऑर्गनाइजर 'डिस्ट्रिक्ट' ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट शेयर किया है। इसमें लिखा है, मौजूदा जियो पॉलिटिकल स्थिति और क्षेत्रीय तनाव के कारण शकीरा का कॉन्सर्ट अगले नोटिस तक पोस्टपोन किया जा रहा है। हमारे लिए फैंस, आर्टिस्ट और प्रोडक्शन टीम की सुरक्षा सबसे ऊपर है।

# धुरंधर 2 ने दुनियाभर में 500 करोड़ कमाए

## तीसरे दिन 113 करोड़ का कलेक्शन किया, जवान-बाहुबली 2 और दंगल को पीछे छोड़ा

मुंबई, एजेंसी

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 ने रिलीज के तीसरे दिन यानी शनिवार को भारत में 113 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म का पेड प्रीव्यू समेत तीन दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 339.27 करोड़ रुपए हो गया। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनियाभर में 500 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और पहले शनिवार की कमाई के मामले में इसने पुष्पा 2, जवान, बाहुबली 2 और दंगल जैसी बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया। फिल्म ने अब तक विदेशों में करीब 96.50 करोड़ रुपए कमाए हैं, जिसके चलते दुनियाभर में फिल्म का कुल कलेक्शन 501.04 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वहीं, बाहुबली 2 ने 40.50 करोड़ रुपए और केजीएफ



चैप्टर 2 ने 40 करोड़ रुपए कमाए। स्त्री 2 ने 43.85 करोड़ रुपए और गदर 2 ने 43.08 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इसके अलावा संजू ने 38.60 करोड़ रुपए, दंगल ने 33.93 करोड़ रुपए, धुरंधर ने 32 करोड़ रुपए और RRR ने 24 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। विरोधी दलों ने इस फिल्म को राजनीतिक प्रोपेगैंडा तक कह दिया है। NDTV की रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस और AIMIM के नेताओं ने आरोप लगाया कि फिल्म का कथानक मौजूदा राजनीतिक गुटों को लाभ पहुंचाने वाला प्रतीत होता है, और यह राजनैतिक माहौल को प्रभावित करना चाहता है। जिससे जनता और सरकार के बीच भ्रम फैल सकता है। वहीं कुछ समर्थक नेताओं का मानना है कि फिल्म में दिखाया गया हिस्सा वास्तविकता का एक परिप्रेक्ष्य है और इसे मनोरंजन और सिनेमा की रचना के रूप में समझा जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि सच दिखाना गलत नहीं होना चाहिए। उनका यह बयान फिल्मकारों को रचनात्मक स्वतंत्रता देने की वकालत करता है। फिल्म की इस तूफानी कमाई ने ट्रेड एक्सपर्ट्स को भी चौंका दिया है। आमतौर पर इतनी बड़ी कमाई बड़े त्योहार या छुट्टियों के दौरान देखने को मिलती है, लेकिन 'धुरंधर 2' ने सामान्य दिनों में ही यह आंकड़ा छू लिया है फिल्म की कहानी, एक्शन और Ranveer Singh की दमदार परफॉर्मेंस को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। यही वजह है कि फिल्म हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है।

### धुरंधर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था

धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ की कमाई की। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ हुआ। इसके साथ ही यह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी सिंगल-लैंग्वेज फिल्म बन गई। विदेशी बाजारों में भी फिल्म धुरंधर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ का कारोबार किया। खासतौर पर अमेरिका और कनाडा में फिल्म ने 193.06 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर 'बाहुबली 2' का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया। दिलचस्प बात यह है कि बड़ी सफलता फिल्म को तब मिली, जब इसे खाड़ी देशों में रिलीज की अनुमति नहीं मिली थी। इसके अलावा 'धुरंधर' भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 'A' रेटेड फिल्म भी बन गई।

### फिल्म ने पहले शनिवार को रिकॉर्ड कमाई की

*तीसरे दिन 20,917 शोज में फिल्म की 81.6% ऑक्यूपेंसी रही। हिंदी वर्जन ने 105 करोड़ के साथ सबसे ज्यादा कमाई की। वहीं, तेलुगु में 5 करोड़ और तमिल में 2.95 करोड़ का कलेक्शन हुआ। धुरंधर 2 ने रिलीज के पहले शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।*



> फिल्म जिस रफ्तार से कमाई कर रही है, उसे देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में यह 1000 करोड़ क्लब में भी शामिल हो सकती है। अगर ऐसा होता है, तो यह भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में शुमार हो जाएगी। फिलहाल 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है और इसके सामने बाकी फिल्मों की रफ्तार धीमी पड़ती नजर आ रही है।

